भाद्रपद शुक्ल पक्ष-2, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 74 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

04 सितम्बर 2024 बुधवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page- 7


# मंदी की आहट: मार्केट का मूड खराब, भारतीय शेयर बाजार क्रेश

**मुंबई , एजेंसी।**

भारतीय शेयर बाजार पर आज ग्लोबल मार्केट के खराब मूड का असर नजर आया और सेंसेक्स व निफ्टी में भारी गिरावट आ गई। इससे बाजार में हडकंप है। दरअसल अमेरिकी बाजारों में कल से हाहाकार मचा है। जिससे एक बार फिर से मंदी का आहट का खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। डो जोन्स से लेकर नास्डेक तक बड़ी गिरावट दर्ज की गई है और इसका असर गिफ्ट निफ्टी पर भी दिखा है, जो 200 अंक तक फिसल गया है। भारतीय बाजारों में आज इसीलिये सेंसेक्स व निफ्टी भी दबाव में आ गये। कारोबार शुरू होते ही स्टॉक मार्केट क्रैश हो गया। कल मामूली गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह बुरी तरह टूटकर खुले। सेंसेक्स करीब 700 अंक की गिरावट के साथ 81,845.50 पर ओपन हुआ, जबकि निफ्टी 200 अंक या 0.73 फीसदी फिसलकर 25,089.95 पर खुला।

उधर अमेरिकी बाजार में लेबर डे की छुट्टी के बाद जब बाजार ओपन हुए, तो अचानक से बड़ी गिरावट आ गई। डाउ जोन्स और नैस्डैक 3 फीसदी से ज्यादा टूट गए। लिहाजा जापान का निक्केई भी 3 फीसदी फिसल गया।







- सेंसेक्स 500 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 82,000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयर्स में गिरावट है।
- निफ्टी 50 के 46 शेयर्स में गिरावट और सिर्फ 4 में तेजी देखने को मिल रही है। IT, मेटल और एनर्जी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है।
- विदेशी और घरेलू दोनों निवेशकों ने कल कैश मार्केट में 2925 करोड़ रुपए की खरीदारी की थी, फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 1029 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे।

## अखिलेश ने कहा चुनाव जीते तो गोरखपुर में चलेगा बुल्डोजर

**योगी बोले-इस पर सबका हाथ सेट नहीं होता**



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि 2027 में सपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश के सभी बुलडोजरों का रुख गोरखपुर की तरफ होगा। बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अखिलेश यादव सपा कार्यालय में पार्टी के गोरखपुर संगठन के कामकाज की समीक्षा के दौरान यह बात कही। इस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जवाब देने में देर नहीं की और कहा है कि बुलडोजर पर हर एक व्यक्ति का हाथ सेट नहीं हो सकता है। दंगाइयों के आगे नतमस्तक होने वाले लोग ये नहीं कर सकते हैं, यह बात अखिलेश जानते हैं। योगी ने कहा कि 2017 से पहले जो लोग लूट खसोट करते थे अब टीपू भी सुल्तान बनने चले हैं. ।दरअसल अखिलेश ने कहा था कि उप्र सरकार द्वारा निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है।

## कांग्रेस का सरकार के खिलाफ जिलों में धरना

**भोपाल ।** मप्र में दलित, महिला उत्पीड़न, बढ़ते क्राइम, बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी जैसे तमाम मुद्दों को लेकर आज कांग्रेस सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना दे रही है। कांग्रेस ने सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों सहित तमाम पदाधिकारियों और नेताओं को धरने में शामिल होने के निर्देश दिए हुए हैं। धरने के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपे जा रहे हैं। कांग्रेस ने किसानों के नुकसान, फसलों के उचित दाम के मुद्दे भी उठाए हैं।

## विनेश फोगाट व बजरंग ने राहुल से की मुलाकात

**नई दिल्ली ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद आज भारतीय रेसलर विनेश फोगाट और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुलाकात हुई है। फोगाट और बजरंग पूनिया ने राहुल से करीब आधे घंटे चर्चा की है। दोनों पहलवानों और राहुल गांधी के मुलाकात की तस्वीर सामने आने के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि विनेश फोगाट कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में एंट्री ले सकती हैं। हालाकि इससे पहले तक वे इंकार करती रही हैं। लेकिन पिछले काफी दिनों से अटकलें थीं कि विनेश फोगाट, कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगी। वे हाल में ओलंपिक में सौ ग्राम वजन कम होने से मैडल से चूक गई थीं।



## दिल्ली-विशाखापत्तनम विमान में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से विशाखापत्तनम जा रहे एयर इंडिया के एक विमान में मंगलवार देर रात बम होने की धमकी मिली है। हालांकि विशाखापत्तनम में लैंडिंग के बाद जब विमान की जांच की गई तो उसमें कुछ भी नहीं मिला। इस बारे में विशाखापत्तनम हवाई अड्डे के निदेशक एस राजा रेड्डी ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को बम की धमकी वाली कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस ने एयरलाइन और विशाखापत्तनम हवाई अड्डे को सतर्क किया। रेड्डी ने बताया कि विमान की लैंडिग के बाद जब उसकी जांच की गई तो पता चला कि यह एक झूठी कॉल थी। उन्होंने बताया कि इस उड़ान में 107 यात्री थे।

### प्रशासनिक सरगर्मी वाला महीना, विभाग जुटे तैयारी में

# अस्तव्यस्त अक्टूबर बाबू से अफसरों तक सब बदलेंगे!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार ने तबादलों पर से 15 दिन तक प्रतिबंध हटाने के निर्णय के बाद प्रशासनिक सुगबुगाहटें भी तेज हो गई हैं। मोहन यादव सरकार की यह पहली तबादला नीति हैं। इसमें 15 अक्टूबर से 15 दिन के लिए तबादलों की छूट रहेगी। यह ट्रांसफर पॉलिसी कुछ शर्तों के साथ लागू होगी। हालांकि खास बात यह है कि यह तबादले भी उस वक्त होंगे,जब मप्र में नया प्रशासनिक मुखिया भी पद संभाल चुका होगा। अभी मुख्यसचिव के तौर पर अनुराग जैन और राजेश राजौरा के साथ ही मो सुलेमान व विनोद कुमार के नाम वरिष्ठता के आधार पर सामने हैं और खुद मौजूदा मुख्यसचिव वीरा राणा को ही छह महीन के एक्सटेंशन की संभावना व्यक्त की जा रही है। यदि राणा को बदला गया तो उच्चस्तर पर आईएएस अफसरों की जमावट भी बदेंगी और प्रतिबंध हटने के चलते मैदानी व विभागीय स्तर पर तबादले भी इसी दौर में होंगे।





जानकार सूत्रों का कहना है कि मंत्री अपनी सरकार पर दबाव बना रहे थे कि तबादलों से प्रतिबंध इसी महीने में तत्काल खोला जाए। लेकिन मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक की अनौपचारिक चर्चा में साफ कर दिया कि अभी तबादला नीति लागू की गई तो पार्टी (भाजपा) का सदस्यता अभियान प्रभावित हो जाएगा। तमाम कार्यकर्ता, निकायों-पंचायतों के जनप्रतिनिधि, विधायक, सांसद से लेकर मंत्री तक इस काम में लग जाएंगे। इसलिए 15 अक्टूबर से पंद्रह दिन का समय तय किया गया है। बावजूद मंत्रियों का तर्क था कि अक्टूबर में वित्तीय वर्ष का मिड टर्म आ जाता है। इस दौरान कोई तबादला किया जाता है तो ज्यादातर मामलो में व्यक्ति कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। स्टे लेकर वहीं डटा रहता है। दूसरा प्रभारी मंत्री बनने के बाद से जिलों के कार्यकर्ताओं का भारी दबाव है।

**शिवराज जैसी नीति!**

**राज्य सरकार ने पिछली तबादला नीति 2021-22 में लागू की थी, लेकिन तत्कालीन शिवराज सरकार में 2023 के शुरुआती महीनों में भी तबादले हुए। चूंकि विधानसभा चुनाव का समय था, इसलिए इसे रोक दिया गया। अब नई मोहन सरकार में यह तबादला नीति 2024 लागू होगी। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इसकी तैयारी कर ली गई है। हालांकि अगस्त के पहले पखवाड़े में भी तबादले का ड्राफ्ट भेजा गया था, लेकिन उसे विभाग को कुछ संशोधन के साथ लौटा दिया गया। नई नीति में प्रभारी मंत्रियों के साथ मंत्रियों को भी अधिकार दिए जाएंगे। जिसके तहत बिना ट्रांसफर पॉलिसी के भी व जरूरी होने पर तबादले कर सकेंगे। बाकी प्रावधान पुराने ही होंगे। हर कैडर में 20 प्रतिशत से अधिक तबादले नहीं होंगे।**

## मुख्यमंत्री यादव के पिता की उज्जैन में अंत्येष्टि



**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव का आज यहां क्षिप्रा तट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनका कल शाम निधन हो गया था। वे करीब 100 साल के थे तथा एक हफ्ते से बीमार चल रहे थे। पिता के निधन की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल से उज्जैन पहुंचे थे। अंतिम यात्रा सुबह गीता कॉलोनी, अब्दालपुरा से शुरू हुई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला, मंत्री चैतन्य काश्यप, मंत्री प्रद्युम्मन सिंह तोमर, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मंत्री राधा सिंह, मंत्री करण वर्मा, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, मंत्री, नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री लखन पटेल मंत्री, मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव वीरा राणा, डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना, प्रमुख सचिव राजेश राजौरा भी स्व यादव की अंतिम यात्रा में शामिल हुए ।

## मानसून का जोर मंदसौर की ओर



माही डैम, धार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में इस मानसून सीजन की 95 फीसदी बारिश हो चुकी है और बादलों का मन अभी नहीं भरा है। मप्र में 35.3 इंच बारिश हो चुकी है। अब दो इंच पानी और गिरते ही इस साल सामान्य बारिश का कोटा फुल हो जाएगा। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का अनुमान जताया है। आज रतलाम-मंदसौर समेत 5 जिलों में तेज बारिश हो सकती है। भोपाल में सुबह से ही बादल छाए रहे लेकिन बाद में धूप तेज हो गई लेकिन शाम तक बरसात भी होगी। अभी लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ प्रदेश से दूर है। फिर भी कहीं-कहीं तेज और हल्की बारिश होने का अनुमान मौसम विभाग का है। अगले 24 घंटे में झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट जिलों में कहीं-कहीं तेज या भारी बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रह सकती है।

**मेट्रो एंकर**

### सीबीआई की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

# जज ने दिया एक लाइन का फैसला, फिर हुए रिटायर तब वेबसाइट पर हुआ अपलोड

**नई दिल्ली , एजेंसी।**


एक आईआरएस अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार यानि आय से अधिक संपत्ति मामले में मद्रास हाईकोर्ट जज ने सिर्फ एक लाइन का फैसला सुनाते हुए केस रद कर दिया। जब सीबीआई ने विस्तृत आदेश की प्रति मांगी तो वह कुछ महीने बाद मिल सका, तब तक फैसला देने वाले जज रिटायर हो चुके थे। अब सीबीआई ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। शीर्ष अदालत ने इस पर मद्रास हाई कोर्ट से रिपोर्ट मांग ली है। दरअसल, तब जज ने सीबीआई के एक केस में सिर्फ एक लाइन का आदेश दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय ओका और जस्टिस ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस टी मथिवानन ने 15 मई, 2017 को इस मामले में एक लाइन का आदेश दिया था। सीबीआई ने उसी दिन आदेश की प्रमाणित प्रति के लिए आवेदन किया था। सीबीआई का आरोप है कि रजिस्ट्री ने उन्हें बताया कि जज के कार्यालय से विस्तृत आदेश अभी तक नहीं मिला है। जस्टिस मथिवानन 26 मई, 2017 को सेवानिवृत्त हो गए और सीबीआई को 26 जुलाई, 2017 को इस आदेश की प्रमाणित प्रति मिली। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि वे यह बताएं कि जज के कार्यालय से विस्तृत फैसला रजिस्ट्री को किस तारीख को मिला था और विस्तृत फैसला वेबसाइट पर कब अपलोड किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की ओर से जज की तरफ से सुनाए गए 9 मामलों की नए सिरे से सुनवाई के लिए कोई प्रशासनिक निर्देश था और क्या मौजूदा मामला उन 9 मामलों में शामिल था? सीबीआई का आरोप है कि रजिस्ट्री ने मौखिक रूप से सीबीआई को सूचित किया कि विस्तृत आदेश अभी तक न्यायाधीश के कार्यालय से प्राप्त नहीं हुआ है।





# गणेशोत्सव की तैयारी शुरू, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार



**भोपाल।** गणेश चतुर्थी को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। 7 सितम्बर को शुभ मुहूर्त में विघ्नहर्ता घर-घर विराजे जाएंगे। इसके लिए घरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं मूर्ति कलाकार भी प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। शहर के कई स्थानों में प्रतिमा बनाई जा रही हैं। इसमें कुछ लोकल तो कुछ बाहर के कलाकार आकर प्रतिमा बना रहे हैं। इसके अलावा शहर के कई स्थानों में छोटी-छोटी गणेश प्रतिमा की दुकानें सजने लगी है। जहां 2 हजार से 10 हजार रुपए तक की प्रतिमा मिल रही हैं। जिसके लिए लोग एडवांस बुकिंग करना शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही बाजार में साज सज्जा के सामानों की बिक्री भी बढने लगी है।



# राजधानी में एसडीएम और तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र बदले गए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजस्व महाभियान खत्म होने के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने दो एसडीएम और चार तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसको लेकर कलेक्टर ने आदेश जारी किया है। संयुक्त कलेक्टर लक्ष्मीकांत खरे को एक बार फिर से एमपीनगर एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी है। वह पहले भी यहां पदस्थ रह चुके हैं। पिछले दिनों उन्हें शहर वृत्त भेज दिया गया था। वहीं हुजूर से एमपीनगर वृत्त भेजे गए डिप्टी कलेक्टर आशुतोष शर्मा को शहर वृत का एसडीएम बनाया गया है।

आलोक पारे तहसीलदार एमपीनगर विधानसभा चुनाव से पहले कोलार तहसीलदार रहे आलोक पारे को सहायक सत्कार अधिकारी का जिम्मा देते हुए कलेक्ट्रेट पदस्थ किया गया था। अब उन्हें एमपीनगर तहसीलदार का जिम्मा सौंप दिया गया है। वहीं टीटीनगर वृत्त की तहसीलदार करुणा दंडोतिया को शहर वृत्त, एमपीनगर वृत्त के तहसीलदार सुनील वर्मा को बैरागढ़ वृत्त और शहर वृत्त के तहसीलदार चंद्रकुमार ताम्रकार को टीटीनगर वृत्त का जिम्मा सौंपा गया है।




## कोचिंग संस्थानों पर एक्शन लेने वाले शर्मा को बदला

एसडीएम एमपीनगर आशुतोष शर्मा को अब शहर का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने एमपीनगर में रहते हुए पिछले महीने कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की थी। आधा दर्जन संस्थानों को सील किया था जो कि बेसमेंट में कक्षाएं संचालित कर रहे थे। वहीं कई संस्थानों को नोटिस दिया था और सभी को व्यवस्था दुरुस्त करने तीन सितंबर तक का समय दिया था। यह समय अब पूरा हो गया है। अब आगे की कार्रवाई नये एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे को करनी होगी।

# मेट्रो के लिए पुल को ऊपर चढ़ाया, 3 घंटे मशक्कत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो परियोजना के अंतर्गत एक और महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो गया। इसके लिये लंबे समय ट्रैफिक बाधित रहा। अब दूसरा स्टील ब्रिज डीआरआम आफिस के समीप से निकली रेलवे ट्रैक के ऊपर स्थापित किया जा चुका है। यह कार्य महज तीन घंटे के भीतर पूरा हुआ, जिसमें 400 टन वजनी स्टील ब्रिज को बड़ी क्रेनों और 75 हार्स पावर की मशीनों की मदद से उठाया गया।इस कार्य के दौरान 200 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैदी से तैनात रहे।

यह ब्रिज 65 मीटर लंबा, 15 मीटर चौड़ा और 14 मीटर ऊंचा है। आरकेएमपी से डीआरएम आफिस के बीच स्थित रेलवे लाइन पर इसे असेंबल किया गया है।मेट्रो अधिकारियों ने रेलवे से ब्लाक मिलने के बाद तुरंत काम शुरू किया और तय समय के भीतर इसे पूरा किया। इस ब्रिज के निर्माण के बाद भविष्य में ट्रैक से रेल और ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी, जिससे शहर के यातायात में सुधार होगा। इस कार्य के दौरान मेट्रो कारपोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, निदेशक प्रोजेक्ट्स अजय गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इसी प्रकार डीआरएम आफिस तिराहे पर भी एक और ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाएगा, जो कि 48 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा होगा।

# कलेक्टर को थमाया शो कॉज नोटिस, 6 को हाजिर होने के आदेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने वर्ष 2023 के चार मामलों में अब तक जवाब न देने के कारण भोपाल कलेक्टर भोपाल को चार मामलों में अलग-अलग 5000 रूपए (पांच हजार रूपए) का जमानती वारण्ट 6 सितम्बर, 2024 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होने के लिए जारी किया गया है। इसके साथ ही आयोग ने कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को शोकाज नोटिस भी जारी किया है। आयोग से मिली जानकारी जानकारी के अनुसार, आयोग में दर्ज प्रकरणों में जवाब के लिए आयोग द्वारा भोपाल कलेक्टर को बार-बार पत्र लिखे गए, लेकिन न तो उनकी ओर से जवाब आया और न ही वह उपस्थित हुए। जिसके बाद आयोग ने यह कार्यवाही की है। सूचना पत्र एवं जमानती वारंट अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल के माध्यम से कराई जाएगी।

**4 मामलों में अलग-अलग पांच हजार रूपए का जमानती वारंट भी किया जारी**

## 2023 के इन चार मामलों में नहीं दिया जवाब

- आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत
- प्लॉट का हक पाने के लिए 83 के बुजुर्ग के 38 साल से चक्कर लगाने
- सड़क पर लड़ रहे सांडों द्वारा महिला को रौंदने और इलाज के बाद मौत के मामले सहित एक अन्य मामला

# देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को सुबह प्रार्थना सभा में संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इस मंगलवार को चालीसा के साथ देश भक्ति गीतों की समूह गान प्रतियोगिता में प्रथम आए विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव द्वारा प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में देश भक्ति गीत (राष्ट्रीय चेतना के स्वर) में प्रथम रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया। चेलानी ने कहा कि संस्कार विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय चेतना के स्वर, देश भक्ति गीत में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनका सम्मान करने का उद्देश्य यह है कि विद्यालय के और भी विद्यार्थी इनसे प्रेरणा लेकर हर गतिविधि में आगे बड़े और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम, एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकओं ने भी विद्यार्थियों को उपलब्धि के लिए बधाई दी ।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 19 से



**हिरदाराम नगर।** सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर में 19 से 25 सितंबर तक पितृपक्ष पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास गुफा मंदिर धाम से वेदाचार्य अनिल रुद्रा तिवारी महाराज अष्टादश पुराण प्रवक्ता पितरों के लिए श्रीमद् भागवत सुनाएंगे। पूर्वजों के निमित्त पितृ देवताओं की आत्मा शांति बैकुंठ धाम प्राप्ति के लिए आयोजन किया जा रहा है। कथा के आमंत्रण पत्र का विमोचन चार सितंबर को किया जाएगा।

# साधु वासवानी कॉलेज कैंपस में स्टूडेंटस में विवाद, मारपीट हुई

**हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी कॉलेज में छात्रों के बीच हुए विवाद में एक छात्र की बेल्ट, लात घूसों से पिटाई की गई। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर मामाला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है क कॉलेज कैंपस में विवाद के बाद छात्रों के एक गुट ने एक छात्र क जमकर पिटाई की। बीए के छात्र अर्पित मारण ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ बैठा था, तभी प्राचार्य ने आकर कक्षा में जाने को कहा । अन्य छात्रों के बैठे होने की बात मैंने प्राचार्य की, इसके बाद वहां बैठे विकास यादव से विवाद हो गया। उस समय वह वहां से चला गया लेकिन कुछ देर बाद वह रोहित राय, आर्यन शर्मा कुछ लड़कों के साथ आया और मेरी रैगिंग लेने लगा। मुझे बेल्ट और लात-घुसों से मारा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली गई है।



# बच्चों को गुरूजनों के सम्मान, अच्छी संगति का पाठ पढ़ाया सिद्धभाऊजी ने

## शिक्षक दिवस पर केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल करोंद में कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी द्वारा संचालित केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल करोंद में शिक्षक दिवस मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अवसर को बच्चों ने उत्सवी बनाया।

विद्यालय ऑडिटोरियम में परंपरागत तरीके से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, मां भारती, मां शारदा, संत हिरदाराम साहिब और डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया। सिद्धभाऊजी, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के असिस्टेंट डायरेक्टर के. एस. राठौर, सोसायटी के सचिव घनश्याम बुलचंदानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी का अभिनंदन बच्चों ने स्वागत गीत, और प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने किया। बच्चों ने भाषण, नृत्य-नाटिका में गुरू की महिमा का बखान किया।



सिद्ध भाऊजी ने कहा कि बच्चों को पाँच बातों का ध्यान रखना चाहिए। सुबह जल्दी उठना, अच्छी संगति, समय सारणी से पढ़ाई, गुरुजनों का सम्मान, स्वच्छ व ताजा पौष्टिक भोजन करना चाहिए। राठौर ने अकबर बीरबल की कहानी के माध्यम से बच्चों को गुरुओं का महत्व बताया। बूलचंदानी एवं गिरधानी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को 'शिक्षक दिवस' की बधाई दी। कार्यक्रम मेकं शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। छात्र करण प्रजापति ने आभार एवं संचालन धनंजय मिश्रा एवं उसैद खान ने किया।

**मेट्रो एंकर**

## सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

# धर्म गुरुओं ने ली भाजपा की सदस्यता

## देशहित की बात करने वाली पार्टी से जुड़ने का आव्हान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा की सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को चरितार्थ करते हुए मंगलवार को भोपाल के चारों धर्मगुरुओ ने ईदगाह हिल्स स्थित भोपाल गेट पर भाजपा की सदस्यता ली। साथ ही 100 फीट ऊंचा एयर बैलून हवा में छोड़ कर भोपालवासियों से आग्रह किया कि देशहित में बात करने वाली भाजपा के सदस्य बने एवं विकसित भारत के संकल्प में अपनी आहुति दे।

मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के निमित आज धर्मगुरूओ के ने सदस्यता ली है हम सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर इस अभियान को क्रियान्वित करेंगे एवं सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाएंगे।

इस अवसर पर सरोज आसेरी,विष्णु राजपूत, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा, कैलाश हिरवे,राजकुमारी डागोर,मुकेश सोलंकी,संदीप कल्याणे, अतुल घेंघट,महेश,चंदू यादव, सिद्धार्थ जैन, प्रभात मालवीय सहित युवा साथी उपस्थित थे।



## मोहन कैबिनेट ने दी मंजूरी

# मोहासा औद्योगिक जोन व सीतापुर में होगा इंडस्ट्री पार्क, 14 हजार को रोजगार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मोहन सरकार नर्मदापुरम की माखन नगर स्थित मोहासा और मुरैना के सीतापुर में औद्योगिक केंद्रों को विकसित करेगी। मोहासा में औद्योगिक जोन और सीतापुर में औद्योगिक पार्क बनाया जाएगा। यहां औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होंगी। इन इकाइयों से प्रदेश के 14000 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। नीमच व जावद तहसील के 465 गांवों को सिंचाई व पीने का पानी मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ये निर्णय लिए गए।

## नीमच-जावद दाबयुक्त सिंचाई परियोजना को भी मंजूरी, 465 गांवों को मिलेगा लाभ



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते कहा कि मोहासा औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर 93.50 करोड़ रुपये खर्च कर अलग जोन बनाने का निर्णय लिया है। यह 227 एकड़ जमीन में बनेगा। इसमें औद्योगिक इकाई लगेंगी, जो ऊर्जा क्षेत्र की इकाई के लिए जरुरी उपकरण बनाएंगी। इन इकाई की स्थापना में 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा। इतने ही लोगों को रोजगार मिलेगा। मुरैना जिले के सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र में 111 करोड़ 4 लाख रुपये से 161.7 एकड़ में फुटवेयर एंड ऐसेसिरीज क्लस्टर डेवलपमेंट पार्क विकसित किया जाएगा। जिसमें उक्त क्षेत्र की औद्योगिक इकाई को अवसर मिलेंगे। 2300 करोड़ के निवेश आने की संभावना है। 4000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इन औद्योगिक इकाइयों में लेदर फुटवेयर, बैग्स, बैल्ट, जैकेट, गारमेंट, लेदर एसेसरीज़ जैसे कि वॉच स्ट्रैप, नॉन-लेदर फुटवेयर एवं लेदर से संबंधित उत्पाद तैयार होंगे। जावद-नीमच दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से 1 लाख 600 हेक्टेयर में सिंचाई सिंचाई होंगी। इसमें नीमच तहसील के 253 व जावद के 212 गांवों को लाभ की मंशा से शामिल किया है। मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर यह भी तय किया गया कि अगली कैबिनेट बैठक खरगोन जिले के महेश्वर में की जाएगी।

### कैबिनेट में इन प्रस्तावों को भी मंजूरी

#### मोहासा औद्योगिक जोन के लिए

1. मोहासा औद्योगिक जोन में स्थापित होने वाली इकाइयों को 5 वर्ष तक प्रति यूनिट 4.36 की दर से बिजली दी जाएगी। इसके बाद 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि की जाएगी। अंतर की राशि राज्य सरकार वहन करेगी।
2. औद्योगिक इकाईयों को 25 रुपये प्रति किलोलीटर की देर से शुरू के 5 वर्ष तक पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि की जाएगी।

#### सीतापुर औद्योगिक पार्क के लिए

1. मुरैना के सीतापुर में लगने वाली इकाइयों को भूमि संबंधी दस्तावेजों के लिए स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
2. 35 वर्ष तक विकास शुल्क बिना कोई वृद्धि के वार्षिक दर 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर से लिया जाएगा।
3. एक रुपये लीज रेंट की दर पर जमीन दी जाएगी।
4. पार्क में इकाईयों के लिए भूमि आवंटन संबंधी कामों के लिए प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन की अध्यक्षता में समिति की जाएगी।

# पंचायतों में बनेंगे पीएम किसान समृद्धि केंद्र, जानकारी भी मिलेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हित में कई कदम उठा रही है। मध्य प्रदेश सरकार प्रदेश की प्रत्येक पंचायतों में पीएम किसान समृद्धि केंद्र खोलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार शाम को मंत्रालय में ली समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं। इन केंद्रों में किसानों को खाद, बीज, कृषि उपकरण, मिट्टी परीक्षण के साथ विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जाएगी।




मुख्यमंत्री सहकारिता विभाग और नर्मदा नियंत्रण मंडल के कामों की समीक्षा कर रहें थे, तब इसके निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि सोयाबीन की फसल के साथ ज्वार, बाजरा, मक्का की फसलों को भी प्रोत्साहित करें। अलग-अलग हुई बैठकों में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग समेत अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राष्टीय सहकारी विकास निगम द्वारा 5 ऑइल मिल की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में 235 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। राज्य स्तरीय नवाचार प्रकोष्ठ व एक जिला-एक उत्पाद के तहत नवीन सहकारी समितियों का गठन किया है। उन्होंने जिला सहकारी बैंकों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक ने 4 करोड़ 27 लाख के लाभांश का चेक भेंट किया।

## मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा: प्रो. सीसी त्रिपाठी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राष्टीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) का राष्टीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, सीहोर एवं सीआरसी भोपाल की टीम ने भ्रमण किया। इस टीम ने एनआईटीटीटीआर भोपाल के साथ मिलकर संयुक्त कार्यक्रमों पर चर्चा की। इन संस्थान एवं केंद्रों पर मानसिक रूप से अशक्त लोगों का सशक्तीकरण एवं सभी श्रेणियों के दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्यापक दिव्यांग पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने का कार्य किया जाता है। निटर निदेशक प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा की मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे विचारों, भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करता है। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने से हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। समाज के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए किया गया हर कार्य मानवता की सच्ची सेवा है। हम इस सेवा में भागीदार बनने इस दिशा में हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। इस अवसर पर निटर भोपाल से प्रो अजय जैन ,प्रो पी के पुरोहित ,प्रो आशीष देशपांडे सीआरसी भोपाल से डॉ नरेंद्र कुमार, एनआईएमएचआर सीहोर से डॉ. अंकित चौधरी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री को सौंपा लाभांश का चेक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को लाभांश का चेक भेंट किया। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव सहकारिता एवं प्रशासक अपेक्स बैंक अशोक वर्णवाल भी उपस्थित रहे । बैंक में राज्य सरकार ने 142 करोड़ की अंश पूंजी निवेश की है। इस बार बैंक को 131.करोड़ का संचित लाभ हुआ है। बैंक के अंशधारियों को 3 फीसद लाभांश देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री को 4.27 करोड़ का लाभांश चेक सौंपा गया।

# 125 सीएम राइज स्कूलों में नि:शुल्क परिवहन सेवा शुरू

### 5 से 20 किलोमीटर के दायरे में स्कूल जाने वाले 70 हजार विद्यार्थियों को मिल रहा लाभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने विभिन्न जिलों में पहले चरण में 275 सीएम राईज स्कूल शुरू किए गए है। इनमें से 125 सीएम राईज स्कूलों में 70 हजार विद्यार्थियों को नि:शुल्क परिवहन सेवा की शुरूआत हो चुकी है। वहीं अन्य स्कूलों में भी जल्द इसकी शुरूआत करने की तैयारी विभाग कर रहा है। नि:शुल्क बस परिवहन सेवा 5 से 20 किलोमीटर के दायरे में स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को दी जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, विभाग की इस व्यवस्था का करीब 70 हजार विद्यार्थी लाभ ले रहे हैं। बता दें कि नि:शुल्क परिवहन सेवा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने संचालित बसों के लिऐ प्रायवेट बस ऑपरेटर्स से अनुबंध किया है। संचालित बसों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिये व्यापक इंतजाम भी किए गए हैं।




### भोपाल संभाग के 38 सीएम राईज स्कूल, 18 हजार 399 बच्चे

जानकारी के अनुसार, भोपाल संभाग के 38 सीएम राईज स्कूल के 18 हजार 399, नर्मदापुरम् संभाग के 14 स्कूल के 5 हजार 130, उज्जैन संभाग के 39 स्कूल के 30 हजार 34, इंदौर संभाग के 28 स्कूल के 12 हजार 278 विद्यार्थियों को इस नि:शुल्क बस परिवहन सेवा का लाभ दिया जा रहा है। सिंगरौली जिले के 4 स्कूलों के 2 हजार 876, कटनी के एक स्कूल के 732 और ग्वालियर जिले में डबरा के एक स्कूल के 475 विद्यार्थियों को नि:शुल्क परिवहन सेवा का लाभ मिल रहा है।

## नरोन्हा प्रशासन अकादमी में शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षक दिवस के मौके पर 4 सितम्बर को भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। शिक्षक दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 5 सितम्बर को अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित होगा। शैक्षिक संगोष्ठी में प्रदेश के चयनित शिक्षक प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने विचार रखेंगे। शैक्षिक संगोष्ठी का विषय ÷भारतीय परिदृश्य में रोजगारोन्मुखी शिक्षा की आवश्यकता तथा महत्व'' रखा गया है। राज्य स्तरीय ज्यूरी द्वारा राज्य स्तर की शैक्षिक संगोष्ठी से चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जायेगा।

## विकास की गति के लिए पर्यवेक्षण, निरीक्षण, अन्वेषण जरूरी : राज्यपाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पेसा अंतर्गत ग्राम सभाओं को प्रभावी बनाने के लिए उनको हैन्ड होल्डिंग सपोर्ट उपलब्ध कराने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाना चाहिए। सभी ग्राम सभाओं द्वारा पेसा एक्ट के प्रावधानों का सफलता पूर्वक उपयोग किया जाए। समुदाय विकास के पथ पर समान रुप से सबके साथ आगे बढ़े। इस संबंध में जन-जागृति के साथ जन-जागरण के लिए विभागीय स्तर पर पहल की जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कही। राज्यपाल पटेल ने कहा है कि विकास की गति बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण निरीक्षण और अन्वेषण के कार्यों की निरंतरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्माण कार्य के निरीक्षण के साथ ही आवंटित राशि के उपयोग का पर्यवेक्षण जरूरी है। साथ ही आवास की डिजाइनिंग, हवा और रोशनी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जमीनी हकीकतों और व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधानों का अन्वेषण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की।

**मेट्रो एंकर** — कोविड से अनाथ हुए 1164 विद्यार्थियों को मिला प्रवेश, होगी फ्री पढ़ाई

# पांच चरण की काउंसलिंग के बाद भी खाली रह गई कॉलेजों की 50 फीसदी सीटें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के 1336 कॉलेजों में यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए चलाई जा रही ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पांच चरण की काउंसलिंग के बाद अब तक स्नातक-स्नातकोत्तर में करीब 4.88 लाख प्रवेश हुए हैं और लगभग आधी सीटें खाली रह गई। यूजी में 3.80 लाख और पीजी में 1.08 लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विशेष सीएलसी में प्रवेश के लिए बीते शनिवार को अंतिम तारीख थी।



यूजी व पीजी में करीब 40 हजार प्रवेश हुए हैं। कॉलेजों में खाली सीटों के आधार पर प्रवेश दिया गया। जिसके बाद अब सभी महाविद्यालय अपने यहां की रिक्त सीटों की सूची चस्पा की गई है। इस सत्र में स्नातक (यूजी) में कोविड से अनाथ हुए 1164 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग इनकी पढ़ाई नि:शुल्क कराएगा। अब विद्यार्थियों के प्रवेश की स्क्रूटनी की जा रही है। जारी गाइडलाइन के तहत विभाग ने कोरोना संक्रमण से ग्रसित होकर अनाथ हुए विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिया है। विभाग इनकी फीस के साथ अध्ययन करने की व्यवस्था भी करेगा। वहीं, अध्ययनरत होने की स्थिति में विद्यार्थी की आयु 24 वर्ष तक पात्र मानी जाएगी। निजी विश्वविद्यालय और कॉलेजों की फीस का निर्धारण प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति द्वारा किया जाता है। ऐसे कॉलेजों की फीस या 15 हजार जो भी कम हो, उसका भुगतान बाल हितग्राही के आधार लिंक्ड बैंक खाते में की जाएगी।

### इंजीनियरिंग की सीटों का हुआ आवंटन

तकनीकी शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन काउंसलिंग में प्रदेश के करीब 139 इंजीनियरिंग कॉलेजों को शामिल किया गया हैं। पहले चरण के बाद कालेजों में खाली प॰ी 56 हजार सीटों पर प्रवेश देने के लिए दूसरे राउंड के तहत सीटों का आवंटन किया गया है। विद्यार्थी छह सितंबर तक आवंटित कालेज में पहुंचकर प्रवेश ले पाएंगे। विद्यार्थियों को प्रवेश के दौरान अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराने के बाद प्रवेश लेना होगा।




## संपादकीय

# समन्वय की कमी से कड़वाहटें

*इस बार कई दलों के सहयोग से चल रही केंद्र की सरकार को समन्वय व आपसी समझ की कितनी जरूरत है यह असम के ताजा मामले से समझ आता है। असम विधानसभा के एक फैसले पर जिस तरह से एनडीए के दो सहयोगी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया जताई है, उससे साफ है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सहयोगी दलों के बीच आपसी तालमेल सुनिश्चित करने की कोई व्यवस्था को प्रभावी व कारगर बनाने की सख्त जरूरत है। जेडीयू के सीनियर नेता केसी त्यागी के प्रवक्ता पद से दिए गए इस्तीफे को भी तालमेल की इसी कमी का नतीजा माना जा रहा है। वैसे, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के तीखे बयान जब-तब राष्ट्रीय सुर्खियों का हिस्सा बनते रहे हैं, लेकिन अब का फैसला काफी बहस का विषय है। यह विधानसभा की कार्यवाही में शुक्रवार को दिए जाने वाले ब्रेक से जुड़ा है। मुस्लिम विधायकों को नमाज के मद्देनजर दो घंटे का ब्रेक देने की वर्ष 1937 से चली आ रही परंपरा को वहां सरमा सरकार ने समाप्त कर दिया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हिंदू और मुस्लिम विधायकों ने साथ बैठकर यह फैसला किया है, लेकिन एनडीए के घटक दलों जेडीयू और एलजेपी ने इसे संविधान में दी गई धार्मिक आजादी का उल्लंघन बताते हुए इसकी सख्त आलोचना की है। राष्ट्रीय गठबंधन के सदस्य दलों का एक राज्य सरकार -के फैसले पर आपत्ति करना ध्यान जरूर खींचता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि राष्ट्रीय मुद्दों पर इन दलों में सहमति है। अभी हाल ही में इन्हीं सहयोगी दलों के तीखे विरोध के कारण केंद्र सरकार को लैटरल एंट्री पर अपने कदम पीछे खींचने पड़े थे। जाति जनगणना इन दलों के बीच मतभेद का एक बड़ा मुद्दा पहले से बना हुआ है। हाल में जनता दल यू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कुछ पूर्व और मौजूदा सांसदों के उस संयुक्त बयान पर भी हस्ताक्षर कर दिए थे , जिसमें भारत सरकार से इजरायल को हथियारों की कथित सप्लाई बंद करने को कहा गया था। हालांकि इसके बाद पार्टी के प्रवक्ता पद से त्यागी का इस्तीफा आ गया और पार्टी ने उनकी जगह नए प्रवक्ता की घोषणा भी तत्काल कर दी। इससे स्पष्ट है कि जेडीयू नेतृत्व भी एक हद से ज्यादा आक्रामकता की इजाजत नहीं देना चाहता। लेकिन यह प्रकरण इतना तो स्पष्ट कर ही देता है कि एनडीए से जुड़े दलों के बीच विभिन्न मसलों पर भेद-मतभेद दूर करने के लिए नियमित बातचीत की कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है और न ही अपने मतभेदों को सार्वजनिक तौर पर व्यक्त करने को लेकर स्पष्ट आपसी समझ विकसित हो सकी है। आपसी तालमेल की इसी कमी के चलते केंद्र सरकार को न केवल लैटरल एंट्री से जुड़ा यूपीएससी का विज्ञापन वापस लेना पड़ा बल्कि वक्फ संशोधन विधेयक भी संयुक्त संसदीय समिति को भेजना पड़ा। ऐसे कदम सरकार और सत्तारूढ़ गठबंधन की स्थिरता को लेकर कोई अच्छा संदेश नहीं देते। सियासी तौर पर देखें तो एनडीए के लिये यह इसलिये भी ठीक नहीं है क्योंकि इस बार लोकसभा चुनाव के बाद देश को एक सशक्त विपक्ष कांग्रेस,सपा जैसे कई दलों के रूप में इंडिया गठबंधन के तौर पर मिला है, इस गठबंधन ने तमाम मुद्दों पर जिस आक्रामकता से अपना पक्ष रखा व तेवर दिखाए हैं, वे केंद्र सरकार को फैसलों की प्रक्रिया में मुश्किल में डालते हैं। यानि कहा जा सकता है कि केंद्र सरकार के पास एक विपक्ष तो वह है जो दिखाई देता है और एक वह धड़ा उसके भीतर है जो हर मुद्दे पर उससे सहमत नहीं होता।*

> कहीं न कहीं, हमारा कोई न कोई अंश
> प्रतिक्षण मरता रहता है।
> – धर्मवीर भारती

## आज का इतिहास

- 1666: इंग्लैंड के लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
- 1836: मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
- 1839: चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
- 1882: पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
- 1885: अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
- 1887: इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।
- 1888: भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।
- 1914: विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
- 1920: मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ।
- 1948 रॉबर्ट सुमन फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- 1960: अमेरिकी मुक्केबाज मोहम्मद अली ने रोम ओलिंपिक्स में 175-पाउंड कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद उन्होंने प्रोफेशनल करियर चुना और नामी मुक्केबाज बन गए।
- 1962: भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म। पूरे भारत में प्रतिवर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।
- 1969: पहली स्वचालित टेलर मशीन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के रॉकविल केंद्र में स्थापित की गई।
- 1977: नासा ने वोएजर-1 प्रोब को लॉन्च किया। यह आज तक पृथ्वी से सबसे दूर भेजी गई मानव निर्मित वस्तु है।
- 1980: दुनिया की सबसे लंबी टनल शुरू हुई। स्विट्जरलैंड की सेंट गोथार्ड टनल 10.14 मील (16.22 किमी) लंबी है।
- 1984: स्पेस शटल डिस्कवरी पहली अंतरिक्ष यात्रा से लौटा।
- 1991: भारतीय, व्यंग्य रचनाकार शरद जोशी का निधन हुआ था।
- 1991: दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत भूतपूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।
- 1997: मिशनरी ऑफ चैरिटी की संस्थापक और नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा का कोलकाता में निधन।

## निशाना

### है मिला उपहार !



- कृष्णेन्द्र राय

अंदर बाहर हो रहे ।
खेलने को खेल ।।
बढ़ ना जाए ख़तरा ।
कर लें तनिक मेल ।।
है मिला उपहार ।
करने को प्रचार ।।
सख़्त है हिदायत ।
रहना खबरदार ।।
व्यस्त रहेगा कार्यक्रम ।
रख कदम संभाल ।।
भावनाओं को अभी ।
है बनाना ढ़ाल ।।
होंगे हमले तेज़ ।
है यह आखिर तय ।।
धीरे-धीरे उसी दिशा में ।
लगी बनने लय ।।

## अब राष्ट्रीय न्यायिक सेवा के गठन का वक्त

# प्रतिभाशाली न्यायाधीशों को मिलेंगे बेहतर अवसर

**हरबंश दीक्षित**

सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई मौके पर इस संबंध में सुझाव और निर्देश दिया था। सबसे पहले वर्ष 1992 में 'ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन बनाम भारत संघ' में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया था। उसके बाद फिर वर्ष 1993 में इस पर जरूरी पहल करने की जिम्मेदारी सरकार के विवेक पर छोड़ दी गई। फिर 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय का स्वतः संज्ञान लेते हुए न्यायाधीशों के चयन के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था के निर्माण करने का सुझाव दिया, किंतु अब तक इस पर कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है। लोकशाही में उसके सभी उपांगों की विश्वसनीयता उनकी सबसे बड़ी पूंजी होती है। अदालतों के मामले में तो यह अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह उनकी एकमात्र पूंजी होती है। जनता के बीच उनकी साख और आम लोगों के मन में उसके प्रति सम्मान ही उसकी ताकत की गंगोत्री होती है। इसलिए उन्हें अपेक्षाकृत अधिक सजग रहने की जरूरत होती है।

मुकदमों का अंबार, उनके निस्तारण में देरी तथा पारदर्शिता से जुड़ी अपेक्षाएं न्यायपालिका की साख को सबसे अधिक प्रभावित कर रही हैं। पारदर्शिता के प्रति आग्रही समाज में गैर-जरूरी गोपनीयता कई बार अविश्वास के काल्पनिक कारणों तथा आधारों को तैयार करने की पृष्ठभूमि बनाता है। कॉलेजियम व्यवस्था की गोपनीयता के कारण अब उन पर भी प्रश्न उठने लगे हैं। उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के कुछ वर्तमान न्यायाधीशों ने भी उस पर सवाल उठाए हैं। ये सभी तथ्य ऐसे हैं, जो अखिल भारतीय न्यायिक सेवाओं के पक्ष में पर्याप्त आधार तैयार करते हैं।

न्यायपालिका के अखिल भारतीय सेवा के पक्ष में यह कहा जा रहा है कि यह पूरे देश के लिए एक ऐसी पारदर्शी चयन प्रक्रिया होगी, जिसमें प्रतिभाशाली युवाओं को मौका मिलेगा। इसमें समाज के सभी वर्गों तथा महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। चूंकि यह चयन राष्ट्रीय स्तर पर होगा, इसलिए इसमें सबसे अच्छे लोगों के चयन की एक परंपरा विकसित होगी। मुकदमों की बढ़ती संख्या का एक कारण यह भी है कि हमारे यहां न्यायाधीशों की बहुत कमी है। अमेरिका में जहां हर 10 लाख आबादी पर 107 न्यायाधीश हैं, वहीं हमारे यहां इतनी आबादी पर मात्र 21 न्यायाधीशों के पद ही सृजित हैं। अलग-अलग राज्यों में उनके चयन की प्रक्रिया में अक्सर देरी होती रहती है, जिसके कारण कुल 25,246 स्वीकृत पदों के सापेक्ष केवल 19,858 न्यायाधीश ही कार्य कर रहे हैं। नेशनल कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम की रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमों के दायर होने की वर्तमान दर के मुताबिक 2040 में कुल 15 करोड़ मुकदमे लंबित होंगे, जिनके निस्तारण के लिए 75,000 न्यायाधीशों की जरूरत होगी। विभिन्न राज्य सरकारों की मौजूदा कार्य पद्धति को देखते हुए यह संभव नहीं लगता।




**लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या पर एक बार फिर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। बीते एक सितंबर को संपन्न जिला अदालतों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ तथा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक स्वर में शीघ्र और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायिक सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया की पैरवी करते हुए कहा कि अब समय आ गया है, जब क्षेत्रवाद और राज्य केंद्रित चयन की संकीर्ण सीमाओं से आगे बढ़ा जाए।पहले भी अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सुझाव आते रहे हैं। विधि आयोग वर्ष 1958 और वर्ष 1978 में दो अलग-अलग संस्तुतियों के माध्यम से इसके लिए सुझाव दे चुका है। आयोग का मत था कि इससे अदालतों में लंबित मुकदमों के समयबद्ध निस्तारण में आसानी होगी, न्यायिक-संरचना अधिक पारदर्शी तथा क्रमबद्ध हो जाएगी और उसके परिणामस्वरूप मुकदमों का तेजी से निपटारा होगा और आम लोगों का उन पर भरोसा बढ़ेगा। संसद की 'लोक शिकायत, कानून तथा न्याय की स्थायी समिति' ने भी वर्ष 2006 में इस विषय पर सुझाव दिया था। इसके अलावा, इस समिति ने एक मसौदा भी तैयार किया था, किंतु वह आगे नहीं बढ़ पाया।**

अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन से इस चुनौती से निपटना आसान हो जाएगा, संविधान के अनुच्छेद 312 में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के बारे में कहा गया है कि इसके द्वारा चयनित व्यक्ति जिला न्यायाधीशों के समकक्ष होगा। यह पद जब केंद्रीय स्तर पर भरा जाएगा, तो केंद्र सरकार से जरूरी पदों के सृजन और उनकी चयन-प्रक्रिया को पूरा करने के लिए दबाव बनाना आसान होगा। जिस तरह से अन्य भारतीय सेवाओं के लिए आबादी के अनुपात में पदों का सृजन होता है, उसी तरह यहां पर भी यह काम आसान हो जाएगा और आबादी तथा मुकदमों के अनुपात में न्यायाधीशों की संख्या हो जाने से मुकदमों का बोझ कम होगा।

इस समय न्यायपालिका में चयन के लिए दो पद्धतियां हैं। जिला अदालतों के लिए लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से चयन होता है। उच्च न्यायालयों के 25 प्रतिशत पद इन न्यायिक अधिकारियों की प्रोन्नति से, जबकि शेष पद अधिवक्तागण में से कॉलेजियम द्वारा भरे जाते हैं। जिला अदालतों के लिए लिखित परीक्षा के माध्यम से न्यायिक सेवा में आने वाले न्यायाधीशों के उच्च न्यायालय तक पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। सुप्रीम कोर्ट तक उनके पहुंचने की तो कल्पना करना भी कठिन है। इन परिस्थितियों में उनके मन में वंचना-बोध पैदा होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि प्रतिभाशाली छात्रों का रुझान इस सेवा की ओर कम होता जा रहा है। अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के गठन के बाद उच्च न्यायालय और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के लिए प्रतिभावान न्यायाधीशों का ऐसा विकल्प उपलब्ध होगा, जो इस संस्था की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां दे सकता है।

-साभार

# जीएम फसलों पर यूरोपीय अनुभवों के सबक

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से आनुवंशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलों पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने को कहा है। पिछले दो दशकों से संशयवादी जीएम फसलों की देश में आमद को रोकने में सफल रहे हैं, और संभावना है कि वे इसका विरोध जारी रखेंगे। पिछले सप्ताह, 18 राज्यों के फार्म यूनियन नेताओं ने जीएम फसलों और इसके पर्यावरणीय प्रभाव, वस्तु-व्यापार, कृषि विविधता, और मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में जीएम फसलों के विरोध में सभी एकमत थे।

भारत पहले ही जीएम जैव के संबंध में एक उचित और स्वीकार्य नीति बनाने में जूझ रहा है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने अपने सदस्य देशों में जीएम उत्पादों/ बीजों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के लिए लंबे समय से संघर्ष किया है। ईयू जीएम जैव पर एक अपेक्षाकृत अच्छी नीति बनाने में सक्षम रहा है (हालांकि यह पूरी तरह से सही नहीं है), और यह भारत के लिए एक सबक हो सकता है। कृषि विकास का इतिहास हमें बताता है कि दुनिया ने अब तक तीन 'हरित क्रांतियां' देखी हैं। पहली हरित क्रांति की शुरुआत 1930 के दशक में यूरोप और उत्तरी अमेरिका में हुई। इसमें उर्वरक, कीटनाशक, फसल प्रजातियां, मशीनरी और कृषि प्रबंधन में सुधार शामिल था, जिसके परिणामस्वरूप मक्का और अन्य तापमान-जलवायु पर आधारित फसलों की उपज में तेजी से वृद्धि हुई। दूसरी हरित क्रांति 1960 और 1970 के दशकों में आई, जिसमें कुछ भारतीय राज्य भी शामिल थे। इस क्रांति ने विकासशील देशों और गर्म इलाकों में उगाई जाने वाली फसलों के लिए समान तकनीकें उपलब्ध कराईं, लेकिन इन तकनीकों को स्वदेशी अनुसंधान और विस्तार नेटवर्क के माध्यम से स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अनुकूलित किया गया।जीएम उत्पाद, विशेषकर कृषि में आनुवंशिक इंजीनियरिंग का उपयोग करके बने बीज, 1970 के दशक में प्रकट हुए और 1990 के दशक से मुख्यतः उत्तरी अमेरिका में इनका व्यवसायीकरण किया गया। इस तकनीक के समर्थकों का दावा है कि इससे कृषि उत्पादकता में भारी वृद्धि होगी और खाद्य आपूर्ति में गुणात्मक सुधार होगा।

पहली दो हरित क्रांतियों और तीसरी हरित क्रांति के बीच सबसे बड़ा अंतर यह है कि तीसरी क्रांति को उतनी निर्णायकता के साथ अपनाया नहीं गया। मानव, पशु और पौधों पर जीएम प्रौद्योगिकी के दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में संदेह बना हुआ है। यूरोपीय संघ के देशों ने जीएम उत्पादों पर सख्त नियामक प्रतिबंध लगाए हैं, जबकि अमेरिका, कनाडा, अर्जेंटीना और ब्राजील ने अधिकांश कृषि-जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग की अनुमति दी है। भारत सहित अधिकांश अन्य देश सही रास्ता खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



यूरोपीय संघ ने इस तकनीक का विरोध किया और सख्त जीएम-प्रतिबंधात्मक नीतियां अपनाईं। अधिकांश यूरोपीय सरकारों और यूरोपीय संघ ने जीएम संशोधित जैव से जुड़े जोखिमों की अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए एहतियाती दृष्टिकोण अपनाया, जिसे 'पछतावे से रोकथाम' का सिद्धांत कहा जा सकता है। इसके विपरीत, अमेरिका ने दावा किया कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत, विशेषकर सैनिटरी और फाइटोसैनिटरी उपायों पर समझौते में निहित प्रावधानों के तहत, 'समान' उत्पाद (वह उत्पाद जो सीधे प्रतिस्पर्धात्मक या उनका विकल्प हो) के आयात को प्रतिबंधित करने के लिए ठोस वैज्ञानिक प्रमाण प्रदान करना आवश्यक है। इसका मतलब है कि संभावित आयातक या प्राप्तकर्ता देश को यह दिखाना होगा कि कोई जीएम बीज/उत्पाद (यदि कोई 'समान' उत्पाद है) मानव, पशु या पौधों की सेहत के लिए असुरक्षित है।

दिलचस्प बात यह है कि बीज या उत्पाद के 'सुरक्षित' होने का सबूत देने की जिम्मेदारी निर्यातकों की न होकर आयातकों पर डाल दी गई है। इसका मतलब है कि आयातकों को यह साबित करना होगा कि कोई बीज या उत्पाद 'असुरक्षित' है, जबकि विक्रेताओं को इसे सुरक्षित साबित करने की जिम्मेदारी नहीं है। दूसरे शब्दों में, उत्पाद को सुरक्षित माना जाएगा जब तक कि यह साबित न हो जाए कि वह असुरक्षित है।

इसलिए, मुक्त व्यापार व्यवस्था, जिसे डब्ल्यूटीओ मान्यता और समर्थन देता है, के तहत यूरोपीय संघ 'ठोस विज्ञान' के सबूतों के अभाव में अमेरिका से जीएम बीज या उत्पाद के आयात को प्रतिबंधित नहीं कर सकता। अमेरिकी दृष्टिकोण से असहमत होते हुए, यूरोपीय संघ ने अपने सदस्य देशों द्वारा जीएम बीज/उत्पादों के आयात को प्रतिबंधित करने के लिए कई तरकीबें अपनाईं, जिसकी शुरुआत 1998-2004 के दौरान जीएम फसल किस्मों के अनुमोदन पर रोक लगाने से हुई। स्थगन से नाराज होकर, अमेरिका, अर्जेंटीना और कनाडा ने 2003 में जीएम उत्पादों के लिए यूरोपीय संघ की विनियामक नीति के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में मुकदमा दायर किया। उनका दावा था कि यूरोपीय संघ की जीएम नीति 'अवैध व्यापार प्रतिबंध' उत्पन्न कर रही है। डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान पैनल ने सितंबर 2006 में शिकायतकर्ता देशों के पक्ष में फैसला सुनाया और यूरोपीय संघ को अपनी जीएमओ अनुमोदन प्रक्रिया को डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप सुधारने का आदेश दिया। लेकिन डब्ल्यूटीओ के फैसले से पहले ही, यूरोपीय संघ ने अपनी निर्णय-प्रक्रिया को बदल दिया, जो आज भी बहुत जटिल बनी हुई है। जोखिम का आकलन सदस्य देशों के वैज्ञानिक निकायों के साथ गहन परामर्श के बाद किया जाता है। इस राय को सार्वजनिक परामर्श के लिए जनता के समक्ष रखा जाता है। यूरोपीय संघ के नियमों के अनुसार, एक सदस्य देश पर्यावरण या कृषि नीतिगत उद्देश्यों, शहरी और राष्ट्रीय नियोजन, भूमि उपयोग, और सामाजिक-आर्थिक प्रभाव जैसे कई आधारों पर किसी फसल को न उगाने, निषिद्ध करने, या प्रतिबंधित करने का अधिकार रखता है। परिणामस्वरूप, यूरोप में व्यवसायीकरण के लिए बहुत कम कृषि जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों को मंजूरी दी गई है।

विश्व व्यापार संगठन के निर्णय और अमेरिकी सरकार के लगातार दबावों के बावजूद, यूरोपीय संघ के सदस्य और अन्य यूरोपीय देश जीएम फसलों और अन्य उत्पादों, विशेष रूप से खाद्य श्रृंखला में शामिल उत्पादों को आसानी से मंजूरी देने से लगातार बचते रहे हैं। यूरोपीय संघ और अन्य देशों की अनिच्छा ने विश्व व्यापार संगठन और जीएम प्रौद्योगिकी निर्माताओं के दबाव को कमजोर कर दिया है। इस दबाव में कमी से भारत अपनी स्वतंत्र राह चुनने के लिए बेहतर स्थिति में है। सर्वोच्च न्यायालय ने जीएम जैविकी पर एक उचित और स्वीकार्य नीति लाने की जिम्मेदारी केंद्र को सौंपकर सही किया है। भारतीय नीति निर्माताओं को यूरोपीय अनुभवों की विवेचना करनी चाहिए। हमने पहले हरित क्रांति तकनीक को स्वीकार किया था, जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में जबरदस्त वृद्धि हुई थी, हालांकि इसके साथ कुछ दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव भी जुड़े थे। इस बार, जहां तक संभव हो, हमें मंजूरी देने से पहले तकनीक के दीर्घकालिक प्रभाव, सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों का सर्वांगीण आकलन करना चाहिए।

साभार- लेखक यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थन ब्रिटिश कोलंबिया में प्रोफेसर रह चुके हैं।

**राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त राजेश पाराशर ने प्रयोगों से बताई मिट्टी की वैज्ञानिक महिमा**

# विज्ञान, पर्यावरण के साथ अर्थशास्त्र का भी रखें गणेशोत्सव में ध्यान: पाराशर



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

पीओपी से बनी कुछ गोलियों और मिट्टी से बनी गोलियों को एक घूमते पहिये में रखी बोतलों में डाला गया। इन बोतलों में कुछ में पानी तो कुछ में एसिड और कास्टिक सोडा का घोल रखा गया । पहिये को घुमाने के बाद जब रोका गया तो मिट्टी की गोली तो पानी में घुलकर उसे मटमैला बना चुकी थी, लेकिन पीओपी की गोली तो पहले की ही तरह अपने पूरे आकार में थी । पानी का रंग भी नहीं बदला । इस प्रयोग के माध्यम से पीओपी मूर्तियों के जलाशय और नदियों में विसर्जन के बाद कई सालों तक न घुलने को प्रायोगिक रूप से दिखाया गया ।मिट्टी की वैज्ञानिक महिमा बताने और राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त राजेश पाराशर ने आमलोगों को विज्ञान प्रयोगों के माध्यम से प्लास्टर ऑफ पेरिस और जहरीले रसायनों से बने रंग से जलीय पर्यावरण पर होने वाले नुकसान को बताने एक प्रदर्शनी का आयोजन किया ।

राजेश पाराशर ने कहा कि आजकल प्रचलित वर्कशॉप में मिट्टी की मूर्ति तो बना रहे हैं लेकिन वे क्या इन्हीं मूर्तियों की पूजा पूरे 10 दिन करेंगे या फिर बाजार से भी मूर्ति ले आयेंगे इसका निर्णय किया जाना जरूरी है । प्राचीन बाजार परंपरा में हर व्यवसाय करने वाले वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया था । इस व्यवसाय से जुड़े परिवारों के आर्थिक हित को भी बचाने उनसे मिट्टी से बनी मूर्ति खरीदना अच्छा हो सकता है ।

राजेश पाराशर ने कहा कि मिट्टी की एक सेंटीमीटर परत बनने में लगभग 500 साल लगते हैं और यह चट्टानों के क्षय से बनती है । कृषि उपज के लिये अनिवार्य मिट्टी का संरक्षण भी चिंता का विषय है इसलिये मूर्ति का विसर्जन किसी खेत में बने कृत्रिम कुंड में करना हितकर हो सकता है । प्रयोग समन्वयक एम एस नरवरिया के साथ श्री कैलाश पटेल ने प्रयोगों का संचालन कर आमलोगों के प्रश्नों के उत्तर दिये । राजेश पाराशर ने संदेश दिया कि जागरूकता करें सिर्फ मिट्टी से बनी मूर्तियों को लाकर पूजन कर खेत में ही विसर्जन करने की । क्योंकि मिट्टी है तो जीवन के जरूरी अन्यथा है । तो विज्ञान, कीमती पर्यावरण के साथ अर्थशास्त्र का भी रखें ध्यान।

**विपिन जोशी स्मारक समिति का 40 वॉं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह**

# देश भर के 40 शिक्षक होंगे सम्मानित

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा 40 वॉ राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान इस वर्ष नगर के द पार्क क्लब एण्ड रिसोर्ट में सायं 5 बजे से 10 बजे के बीच 5 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है । जिसमें देश भर के शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे जिनमें अन्तिम रूप से चयनित 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया जायेगा । पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रमेश के. साहू एडव्हाकेट ने सम्मानित होने वाले शिक्षक-शिक्षिकों की सूची जारी की ।



सरस्वती पुत्र सम्मान प्रमोद पगारे द्वारा बालकृष्ण जोशी विपिन की स्मृति में स्थापना 1985 डॉ. अजय कुमार पगारे सहा.प्राध्यापक, मेकेनिकल इंजी. विभाग एवं डीन, आई.क्यू.ए.सी.पूर्णिमा विश्वविद्यालय,जयपुर, राजस्थान डिप्लोमा बी.ई., एम.ई.पी.एच.डी, डी.सी.ए. ज्ञानगंगा सम्मान भंवरचंद जैन की स्मृति में सुनील दरड़ा आनंद स्टेशनरी द्वारा डॉ. एस.के. मकबूल कलाम एसोसिएट्स प्रोफेसर, हेण्ड डिपार्टमेंट ऑफ बेंगाली सेटपाल कैथेजल मिशन कॉलेज कोलकता रिसर्च सुपरवाईजर लोक संस्कृति शोद्य प्रकल्प ऐशिऐटिक सोसायटी एम.ए., पी.एच.डी.,डी. लिस्ट. विवेक सागर सम्मान डॉ. नीलम साहू प्रोफेसर/ ग्रुप को-डिनेटर आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिर्वसिटी, भोपाल , कर्मा रत्न सम्मान डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा प्रोफेसर एवं अध्यक्ष शिक्षा विभाग, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, रायसेन, अर्जुन सम्मान श्रीमती उर्मिला सरकानूनगो सहायक शिक्षका शास. हाई स्कूल, पीपल्याढाना, जिला इंदौर, सांदीपनी सम्मान श्रीमती हेमलता दवंडे माध्य. शिक्षिका शास. हाई स्कूल, आयुध नगर, इटारसी जिला नर्मदापुरम , विश्वामित्र सम्मान श्रीमती किरण पाल गुरूनानक पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, इटारसी , अक्षर दूत सम्मान गरिमा विश्वकर्मा सहा. प्राध्यापक सेज विश्वविद्यालय, भोपाल मैथलीशरण गुप्त सम्मान कु. डाली सांकरिया (शिक्षिक) कुसुम मालपानी हा.से. स्कूल, इटारसी, सेवा सम्मान सुनील कुमार सोनी व्याख्याता, रस्वती उ.मा.विद्यालय, इटारसी, कर्मवीर सम्मान फिरोज खान व्याख्याता आदर्श उ.मा. विद्यालय, नया यार्ड, इटारसी, विवेकानंद सम्मान डॉ. दशरथ कुमार गवली मसानिया शास. उ.मा. विद्यालय तनोडिया जिला आगर मालवा, अग्रसेन सम्मान श्रीमती ममता राठौर मुम्बई टॉप थर्टी, गुरूकुलम इटारसी, कर्मयोगी सम्मान किशोर मलोसे लाईबेरियन शांति निकेतन मोन्टिसरी सीनि. सेकेण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम , ज्ञानपुँज सम्मान श्री अनिल राजपूत माध्य. शिक्षक शस. हाई स्कूल, ऐरमा, कुरई, जिला सिवनी, मदर टेरेसा सम्मान श्री शैलेन्द्र बिहारिया माध्यमिक शिक्षक शास. आदिवासी माध्य. शाला सिमोरी, जिला बैतूल (म.प्र.), तारण तरण सम्मान कुमार मंडावि माध्यमिक शिक्षक शास. पूर्व माध्य. शाला, मोदे जिला कांकेर (छग.) , नागार्जुन सम्मान तृप्ति शर्मा प्राथमिक शिक्षिका शास. प्राथ. सेटलाईट शाला, रैकवार मोहल्ला ईशानगर, छतपुर , द्रोणाचार्य सम्मान श्रीमती अंजली बोरीकर उच्च श्रेणी शिक्षक शास. मा. शाला, बघवाड़ा , चाणक्य सम्मान आशीष श्रीवास, (योग शिक्षा प्रभारी) सी.एम. राईस उ.मा.विद्यालय इटारसी एकलव्य सम्मान अक्षय नामदेव प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता शास.क. उ.मा.शाला सकोलम वि.ख. पेण्ड्रा (छग.) जि. गौरेला, पेण्ड्रा मरपाही ,महावीर सम्मान गुरूप्रीत सिंह छाबड़ा पी.जी.टी. वर्धमान पब्लिक स्कूल, इटारसी , बाबा साहेब अम्बेडकर सम्मान श्रीमती पूनम बाजपेई टी.जी.टी. जीनियस प्लानेट सीनि. सेकेण्डर स्कूल इटारसी, नर्मदापुरम सचिव विनीत चैकसे ने बताया कि प्रमोद पगारे (पत्रकार) द्वारा 1985 में प्रारंभ किये गये सरस्वती सम्मान से लेकर अबतक देशभर के सैकेडों शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर किया जा चुका है जिसमें अनेकों राष्ट्पति एवं राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित हुए है समारोह अपनी अलग पहचान बना चूका है समिति में सर्वश्री संतोष सरवरिया, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, शरद गुप्ता सुश्री चन्द्रप्रभा ठाकुर, सुधीर गोठी, मेघराज राठी जैसे सीनियर सदस्यों का योगदान अब भी सतत रूप से प्राप्त होता है।

# स्कूल की लापरवाही के कारण आज तक 19 छात्रों का रुका रिजल्ट



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बानापुरा के शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 19 छात्रों के रिजल्ट आज तक घोषित नहीं हुए हैं। इन अघोषित रिजल्ट के कारण उन बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर दिखाई दे रहा है इस और प्रशासनिक अधिकारियों को पहल करके इन बच्चों को हो रही असुविधा के लिए आगे आने की आज अति आवश्यकता है और इस पूरे मामले में जो लोग दोषी हैं उन पर सख्त कार्रवाई करने की भी आवश्यकता है ताकि भविष्य में किसी बच्चों के साथ कोई खिलवाड़ नहीं किया जा सके मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में फिर स्कूल के छात्र-छात्राएं ने अपने रिजल्ट को लेकर तहसील कार्यालय में एसडीएम के पास फिर से गुहार लगाई।

## क्या है पूरा मामला

सिवनी मालवा उपनगर बानापुरा के शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 विद्यार्थियों ने प्राइवेट परीक्षा के फॉर्म भरे।यह फार्म स्कूल के बृहत द्वारा विद्यार्थियों से फीस लेकर अपने पास रख लिए गए जब परीक्षा नजदीक आते इन 19 छात्र छात्राओं का प्रवेशपत्र नहीं आया तब इस स्थिति में दो विद्यार्थियों ने इस बात की

**सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद मामला आया था प्रकाश में**



शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर करने के बाद यह पूरा मामला प्रकाश में आया। सिवनी मालवा के उपनगर बानापुरा स्थित नेहरू माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 वीं के 11 छात्र-छात्राएं कक्षा 12 वीं के 8 छात्र ने सन 2023 /24 की होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 1300 प्रति फॉर्म 19 विद्यार्थियों ने स्कूल के ही बृहत गोविंद केवट के पास जमा करने की बात सामने आई थी। विद्यार्थियों को अब इस स्थिति में परीक्षाएं पास आती हुई दिखाई दी और अपने भविष्य की नैया डगमगाती दिखाई दी तो मामला सीएम हेल्पलाइन के बाद जिला प्रशासनिक अधिकारियों के पाले में आया जिस पर जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम ने तत्काल विद्यार्थियों की परीक्षा दिलवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सहित सिवनी मालवा शिक्षा विभाग सहित स्थानीय प्रशासन को आदेशित किया।

स्कूल की तत्कालीन प्राचार्य श्रीमती संगीता यादव द्वारा 2000 प्रति छात्र बिलंब शुल्क के साथ फार्म परीक्षा के एक दिन पूर्व 19 ही विद्यार्थियों के फॉर्म भरे गए और विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा दी। परीक्षा में सम्मिलित होकर इन छात्रों को लगा होगा कि अब हमारा भविष्य अंधकार से उजाले की और दिखाई दे रहा है जब कक्षा दसवीं और बारहवीं के इन छात्र-छात्राओं के साथियों का रिजल्ट अप्रैल और मई के महीने में घोषित तो हुआ लेकिन इन 19 विद्यार्थियों का रिजल्ट माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा अघोषित कर दिया गया। सूत्रों की माने तो शिक्षा मंडल का कहना है कि विद्यार्थियों को 10 हजार प्रति छात्र छात्राओं की विलंब शुल्क के साथ जमा करने के बाद रिजल्ट घोषित करने की बात सामने आ रही है

साथ में यह भी लिखा है ये शुल्क विद्यार्थियों से किसी भी परिस्थिति में नहीं लिया जाए। इस पूरे मामले डी,ओ,संयुक्त सचालक की एक जांच समिति गठित कर पूरे मामले की जांच की गई। और जिला प्रशासन को जांच कर भेज दिया गयाहै लेकिन अभी तक इस पूरे मामले में कोई भी निस्कृष और हल नहीं निकला है। बच्चों का कहना है कि हमारा रिजल्ट नहींआने के कारण हम पास हुए हैं या फैल हमे आगे क्या करना है हमें कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।

# थमने का नाम नहीं ले रहा अवैध रेत का कारोबार, 17 ट्रैक्टर-ट्राली वाहन, 1 मिनी ट्रक जब्त



**नर्मदापुरम।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है. खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा अलग अलग तिथियों पर कार्यवाही करते हुए रेत खनिज का अवैध रूप से परिवहन करते पाये जाने पर 17 ट्रैक्टर- ट्राली एवं 1 मिनी ट्रक इस प्रकार कुल 18 वाहनों को जब्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी देवेश मरकाम ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा 1 अगस्त को ग्राम खापरखेड़ा तहसील पिपरिया में रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर1 ट्रैक्टर ट्राली वाहन जब्त कर पुलिस थाना मंगलवारा पिपरिया की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इसी प्रकार 10 अगस्त को ग्राम रैसलपुर इटारसी में 2 वाहन ट्रेक्टर ट्राली, ग्राम चपलासर माखननगर में रेत का भण्डारण में लिप्त पाये जानेपर 1 मिनी ट्रक, 11 अगस्त को ग्रीन पार्क ढाबा के पास नर्मदापुरम में रेत का अवैध परिवहन करने पर 01 वाहन ट्रैक्टर ट्राली, 14 अगस्त को ग्राम रैसलपुर तह0 इटारसी एवं मालाखेड़ी तह0 नर्मदापुरम से रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर 02 वाहन ट्रैक्टर ट्राली, 18 अगस्त को ग्राम रेसलपुर तहसील इटारसी में रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर 05 ट्रालियां, 27 अगस्त को बंजारा कॉलोनी मालाखेड़ी रोड नर्मदापुरम में रेत खनिज का अवैध परिवहन करने पर 01 वाहन ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर नर्मदापुरम की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़े किए गए हैं।

# खरीदा गया गेहूं से कम मात्रा गेहूं जमा करने पर समिति प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**नर्मदापुरम।** बनखेड़ी विकासखंड स्थित सेवा सहकारी समिति अन्हाई के सेम खेड़ा केन्द्र के समिति प्रबंधक रामेश्वर तिवारी द्वारा गेहूं उपार्जन वर्ष 2024-25 के तहत सैमखेड़ा केन्द्र पर कुल 26 हजार 945 क्विंटल गेंहू का उपार्जन कार्य किया गया था। इस उपार्जित गेहूं को उन्हें शासकीय गोदाम समानापुर में जमा करना था। लेकिन प्रबंधक रामेश्वर पिता प्रेम नारायण तिवारी द्वारा मात्र 24 हजार 205 क्विंटल गेहूं ही जमा किया गया। शेष 2740 क्विंटल गेहूं (मूल्य 65 लाख 74 हजार 536 रुपए) उनके द्वारा जमा नहीं किया गया। अत- अमानत में खयानत को देखते हुए रामेश्वर तिवारी के विरुद्ध सोसायटी के प्रशासक एवं सहकारी निरीक्षक पुनीत रघुवंशी द्वारा अपराध दर्ज कराया गया। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। उल्लेखनीय है कि रामेश्वर तिवारी द्वारा 14 लाख 50 हजार रुपए चालान के द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा उमरधा में समिति के बैंक खाते में जमा किये गये है। शेष गेहूं स्कंध की घटती राशि 51 लाख 24 हजार 536 रूपए का गबन आर्थिक अनियमितता मानते हुए उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# जनसुनवाई में 98 आवेदनों पर हुई सुनवाई, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार 03 सितंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई।



जनसुनवाई में आम जन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आते हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर देवेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, सिटी मजिस्ट्रेट असवन राम चिरामन सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 11, डोलरिया में 03, माखन नगर में 01 एवं बनखेड़ी में 08 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया।नर्मदापुरम के ग्राम जासलपुर के ग्रामवासियों ने जनसुनवाई में सीईओ श्री सिंह को बताया कि लोक निर्माण विभाग नर्मदापुरम की शासकीय भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा बगैर अनुमति से भव्य मंदिर निर्माण कर रहें हैं। जिस पर सीईओं ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर**

**राष्ट्रीय पोषण माह-अभियान के अंतर्गत पोषण माह कार्यक्रम संपन्न**

# खाद्य पदार्थ एवं ऊपरी आहार के व्यंजनों की लगाई गई प्रदर्शनी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना नर्मदापुरम शहरी के सेक्टर 3 के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 18/8 में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय खाद्य पदार्थ एवं मिलेट्स के ऊपरी आहार व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई गई। स्तनपान के महत्वता के बारे में जानकारी दी गई। 06 माह के बाद ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी और स्तनपान की उचित तकनीक व पोषण थाली, खाद्य विविधता पर संक्षिप्त जानकारी सेक्टर पर्यवेक्षक चंद्र किरण डोले और एएनएम सुषमा, कार्यकर्ता रेखा दुबे अंजना नामदेव, मीना ठाकुर, तुलसी पांडे, मीना जोशी द्वारा दिया गया कार्यक्रम में महिला बाल विकास पर्यवेक्षक चंद्र किरण डोले, एएनएम सुषमा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड के हितग्राही महिला उपस्थित रही।

## पोषण माह अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियां

आँगनबाड़ी केंद्र 9-2 में पोषण माह की गतिविधियाँ मनाई गई। शासन की मंशानुसार प्रतिवर्ष पोषण अभियान के तहत माह सितम्बर को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। पोषण माह में गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, 6 वर्ष से कम के बच्चों को आमन्त्रित किया गया जिन्हें 6 माह तक केवल स्तनपान एवं 6 माह पर उपरी आहार, पूरक आहार एवं खाद्य विविधता एवं मिलेट के उपरी आहार व्यंजन एवं उनका प्रदर्शन एवं स्तनपान की उचित तकनीक का प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला एवं बाल परियोजना शहरी सेक्टर 1 की पर्यवेक्षक श्रीमती लता नागराज, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता श्री अलका तिवारी एवं सहायिका श्रीमती जयमाला विनोदिया उपस्थित रहीं।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत स्वास्थ्य, स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित

आंगनबाड़ी केंद्र 13/1 सेक्टर क्रमांक 2 परियोजना नर्मदापुरम शहरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता और एनीमिया संबंधित गतिविधि का आयोजन किया गया इसमें उपस्थित महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को माहवारी के समय स्वच्छता, स्वास्थ्य की देखभाल और सेनेटरी नैपकिन के उपयोग करने के बारे में स्वास्थ्य विभाग की हरूभारती जोशी द्वारा विस्तार से समझाया गया। साथ ही महावारी के समय स्वच्छता क्यों आवश्यक है व स्वच्छता ना रखने से हमारे स्वास्थ्य पर इसका क्या दुष्प्रभाव पड़ता है इसकी जानकारी देते हुए उससे बचाव के तरीके बताए गए सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करने हेतु समझाया गया।

एनीमिया के बारे में पर्यवेक्षक श्रीमती सरोज साध द्वारा उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं व किशोरी बालिकाओं को एनीमिया के लक्षण, कारण एवं उससे बचाव के तरीको की जानकारी दी गई साथ ही हमारे खाने में आयरन युक्त पदार्थ कौन-कौन से होने चाहिए तथा उनका उपयोग कैसे किया जाए इसके बारे में समझाया गया हमारे दैनिक भोजन में आयरन युक्त पदार्थो, हरी पत्तेदार सब्जियां मुनगा, पालक, मेथी, सफेद सेम, फलों में अनार, खुबानी, चुकंदर, गुड़, मूंगफली, किशमिश, अंकुरित अनाज आदि का उपयोग करने हेतु समझाया गया। कार्यक्रम में आयरन युक्त खाद्य पदार्थो की पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई। सभी को स्वल्पाहार दिया गया।

## सुपोषण दिवस का आयोजन



**नर्मदापुरम।** नगर की वार्ड नंबर 26,केंद्र क्रमांक 03 में सुपोषण दिवस के अवसर पर पोषण अभियान चलाया गया जिसमें आँगनवाड़ी कार्यकर्ता भारती मंसोरिया तथा सहायिका रेणुका कुठारिया द्वारा वार्ड की समस्त महिलाओं को गर्भधारण के 06 माह बाद ऊपरी आहार की जानकारी,स्तनपान मार्गदर्शन,पोषण प्रदर्शनी,मंगल दिवस सहित बच्चों के लिए पोषण आहार का आयोजन किया गया।

# ईद मिलादुन्नबी इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष जुबेर अहमद पाशा नियुक्त हुए




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विदिशा हर साल की तरह साल भी हजरत मोहम्मद साहब के यौमें पैदाइश पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी इंतजामिया कमेटी द्वारा एक जुलूस निकाला जाता है जिसको लेकर दरगाह पुरानी तहसील पेढ़ी चौराहे पर एक मीटिंग रखी गई मीटिंग की सहमति मुस्लिम समाज के सदर चौधरी सिराज अहमद साहब ने दी मीटिंग की सदारत जनाब चौधरी असरार अहमद अच्छे भाई नूरी ने की मीटिंग में जुलूस के अध्यक्ष पद पर जनाब चौधरी जुबेर अहमद पाशा साहब को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है अकबर खान ने बताया हे कि जुलूस चांद देखने के बाद जुलूस की तारीख घोषित की जाएगी इस मीटिंग में असरार नूरी साहब, चौधरी मुश्शी बाबा, मंजर आलम कुरेशी, लईक पठान, हनीफ पठान करारिया , शाहिद अली वारसी, इरफान आरा मशीन,जुम्मू पहलवान,शरीफ मास्टर, एजाज नाल साहब, अकरम खत्री, आविद खत्री, अमजद खान, नफीस अहमद, राजा बाबा ,रमेश भाई, उमेदी बाबा, उमर खांन राजेंद्र गोहर, नईम खां, शम्भू कुरैशी, चंदू कुरैशी, सईद कुरैशी, शेख अमन खां आदि लोगों शामिल थे।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से बच्चों को नहीं मिल पा रहा पोषण आहार

## समय पर नहीं खुलते आंगनबाड़ी केंद्र, निक्षपक्ष जांच की उम्मीदें




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाले अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों के ताले नहीं खुलते हैं यहां पर मध्यान भोजन से लेकर पोषण के नाम पर भी गोलमाल किया जा रहा है। शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिए वजह से भगवान भरोसे ही ज्यादातर आंगनबाड़ी केदो का संचालन हो रहा है। जिनकी पोल पिछले दिनों एसडीएम के निरीक्षण खुल चुकी है फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं घर घर तक पहुंचने की जिम्मेदारी महिला बाल एवं विकास विभाग के कंधों है विकासखंड के कार्यालय का संचालन तो प्रभारी परियोजना अधिकारी के भरोसे चल रहा है इस वजह से क्षेत्र के हाल और भी ज्यादा खराब हो रहे हैं देखने वाला कोई नहीं है।इसके चलते अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों की हालात खस्ता है जहां एक तरफ सरकार बच्चों को उचित पोषण देने के लिए गांव-गांव आंगनबाड़ी केंद्र खोलकर उचित पोषण आहार देने की व्यवस्था कर रही है वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों में ताले लगे रहते हैं एक तरफ जहां सहायिका और कार्यकर्ता आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं पहुंचते तो वहीं दूसरी तरफ भारत सरकार द्वारा निर्धारित नवीन मापदण्ड अनुसार राज्य सरकार द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में 06 माह से लेकर 06 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवतीध्धात्री माताओंए और अतिकम वजन के बच्चों को प्रति हितग्राही प्रतिदिन निम्नानुसार पूरक पोषण आहार दिए जाने का प्रावधान किया गया हैं । परंतु जब केंद्रों पर कार्यकर्ता ही नहीं पहुंचती तो फिर बच्चों को कैसे उचित पोषण आहार मिल सकेगा वहीं क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारी ऑफिस में बैठे रहते हैं न ही क्षेत्र में कोई भ्रमण किया जाता और ना ही इन जिम्मेदार अधिकारियों का सहायिका और कार्यकर्ताओं में कोई भय ही है ऐसा ही एक मामला सिरोंज विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनिया ढाना का है जहां पर आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है। बिल्डिंग बढ़िया बनी है, रंगाई पुताई भी बढ़िया है स मगर इसमें गतिविधि कुछ नहीं होती स ग्रामीणों का कहना हे कि यह केंद्र महीने भर में पांच सात दिन ही खुलता है।साथ ही यहां बच्चों को भोजन भी वितरण नहीं किया जाता।आंगनबाड़ी केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ता और सहायिका भी केंद्र पर नहीं आतीं। आगनवाड़ी सहायिका की बहन आंगनबाड़ी केंद्र के ताले खोल देती है, वहां न तो बच्चे रहते हैं और न ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका। इतना ही नहीं रजिस्टर में दर्ज संख्या अनुसार बच्चे भी कभी आंगनबाड़ी नहीं आते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है ग्रामीणों ने बताया की यहां सहायिका की बहन हैं आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सिरोंज रहती है जो कभी कभार ही केंद्र पर आती है स वर्ना हर कभी ऐसे ही केंद्र का ताला खोल दिया जाता है , दरवाजे खिड़कियां खोल दी जाती है स केंद्र के अंदर कुछ नही है, खाली पड़ा रहता है जानवर घुस कर गंदगी करते रहते है स आगनवाड़ी के पास रहने वाले बुजुर्ग लखन ने बताया की ऐसे ही दरवाजे , खिड़की खोल दिए जाते हैं, अंदर कोई दिखाई नहीं देता स सिरोंज से कभी कभार मैडम आती है वर्ना ऐसे ही केंद्र खुलता बंद होते रहता है।

### इनका कहना है -

*यदि केंद्र के संचालन में लापरवाही की जा रही है तो जांच करवा कर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे*

*हर्षल चौधरी एसडीएम*

# रुसल्ली दाम आंगनवाड़ी केंद्र पर मनाया बालिका जन्म उत्सव



**सिरोंज।** मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र रुसल्ली दामा में बालिका जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया एवं उसके साथ में सुपोषण दिवस भी मनाया गया पर्यवेक्षक विम्मी शर्मा ने पोषण के बारे में ग्राम की गर्भवती एव धात्रीक महिलाओं को सुपोषण के बारे में जानकारी दी गई एवं रंगीन थाली के विषय में समझाया । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव द्वारा बालिका के जन्म उत्सव के बारे में माता को जानकारी देते हुए बताया कि लड़कों से बढ़कर लड़कियों पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि वह बड़े होकर दो कुल को संभालती हैं उनमें पोषण की कमी नहीं होना चाहिए बच्चियों खूब पढ़ना लिखना चाहिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

# न्यायालय के फैसले के अनुसार सरकार कार्यवाही करें-गाजी वली अहमद



**सिरोंज।** आरोपियों को सजा बगैर किसी न्यायालय के फैसले पर दिए जाने की लगातार हो रही देश में कार्रवाइयों पर आपत्ति व्यक्त करते हुए गाजी बाली अहमद चिश्ती प्रांतीय उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा हिंद ने कही जो इन दिनों इस बात से दुखी हैं की सरकार घटना होते ही आरोपियों के घर तोड़ना शुरू कर देती है जबकि उसको ना तो सूचना दी जाती और ना ही कोई बचाव का मौका दिया जाता है। श्री वली अहमद ने कहा कि सरकार व सरकार के अफसर उसे वक्त कहां होते हैं जो जिस समय अतिक्रमण होकर निर्माण कार्य हो रहा होता है उस समय तो यह भ्रष्ट अफसर पैसा ले लेकर निर्माण कार्य करवाते हैं और अचानक कोई अपराध होने पर घरों को तोड़कर उन लोगों को भी सजा दी जाती है जिनका अपराध में कोई दोष नहीं होता।

**विधायक उमाकांत ने सदस्यता लेकर अभियान का किया शुभारंभ**

# प्रत्येक शक्ति केंद्र के बूथों पर आयोजित हुए सदस्यता अभियान कार्यक्रम



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान का नगर मंडल के प्रत्येक बूथ पर शुभारंभ होकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। संगठन की सदस्यता अभियान के इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी शक्ति केंद्र क्रमांक एक के मतदान केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सदस्यता लेने के उपरांत सदस्यता ली। सोमवार शाम को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान का केंद्रीय कार्यालय से शुभारंभ हुआ। सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर मंडल द्वारा सभी शक्ति केंद्रों के अंतर्गत आने वाले बूथ केंद्रों पर स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम किए गए थे जहा टेलीविजन पर केंद्रीय कार्यालय से लाइव कार्यक्रम उपरांत कार्यकर्ताओं ने सदस्यता लेकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा बूथ क्रमांक 199 पर पहुंचे। यहां उन्होंने संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ राष्ट्रीय नेतृत्व के भाषण को सुना तथा सदस्यता लेकर कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाई। इसके बाद संगठन के इस महाअभियान पर्व से आम नागरिकों को जोड़ने एवं प्रचार प्रसार के लिए ढोल बाजे के साथ सुभाष नगर में एक रैली भी निकाली। रैली में भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए भाजपा संगठन के सदस्य बनने का आव्हान कर रहे थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र संयोजक सचिन शर्मा, आईटी जिला सहसंयोजक ऋषि शर्मा, राकेश पालीवाल, नरेंद्र पाटीदार, प्रशांत पालीवाल, आदि के साथ बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद सिरोंज इकाई की बड़ी जीत, आईडी कार्ड चेक कर एवं एंट्री के बाद प्रवेश दिया जाएगा कॉलेज प्रांगण में

**सिरोंज।** कॉलेज प्रांगण में आई. डी कार्ड चेक करके एवं एंट्री करके प्रवेश दिया जा रहा है जिससे बाहरी व्यक्ति के आवागमन पर रोक लगेगी, विद्यार्थी परिषद सिरोंज इकाई ने महाविद्यालय एवं प्राचार्य महोदय महाविद्यालय को धन्यवाद दिया कहा कि जो समस्याएं है जिनको धीरे धीरे सुलभ करवाएंगे।



**मेट्रो एंकर**

## गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा, भजनों पर थिरके भक्त

# 101 कलश सिर पर रखकर कन्याओं ने निकाली यात्रा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



मंगलवार को सिरोंज से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हरिपुर में सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा एवं श्री राम कथा का महोत्सव का आयोजन 3 सितंबर प्रारंभ किया गया। जिसमे दोपहर 3 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होता हुए माता मंदिर पर पहुंचीं जहां कलशों की पूजा अर्चना की गई और वहां से चलकर कलश यात्रा कथा पंडाल पर पहुंची। कलश यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई जिसमे ग्राम की कन्याएं और महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा के आगे आगे मुख्य यजवान अपने सिर पर पोथी लेकर चल रहे थे एवं उसके आगे बैंड बाजे चल रहे थे। बैंड बाजों की धुन पर ग्राम के युवा थिरक रहे थे। इस कलश यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष ब बच्चे सम्मिलित हुए। कलश यात्रा का ग्राम वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

श्री मद भागवत कथा के वाचक. अंकित कृष्ण बटुक जी बटेश्वर विदिशा श्री राम कथा प्रवक्ता पूज्य देवी राम किशोरी जी विद्या स्थल अयोध्या द्वारा श्री मद्भागवत कथा एवं श्री राम कथा का रसपान किया जावेगा। कलश यात्रा के उपरांत पदाधिकारियों का किया स्वागत किया जिसमे जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी हरिपुर सरपंच मुकेश पटेल खोंदूपुर सरपंच गजराज पटेल समदपुर सरपंच उत्तम पटेल चकना सरपंच राधारमण पटेल हरिपुर सह सचिव भारत पटेल आदि का स्वागत किया गया सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। एवं श्री राम कथा शाम 7.30 से रात्रि 12 तक चलेगी। श्री राम कथा एवं श्री मद्भागवत कथा का आयोजन ग्राम वासी हरिपुर द्वारा कराया जा रहा है।

# शासकीय स्कूल परिसर में किया पौधारोपण संरक्षण करने का दिलाया संकल्प



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मंगलवार को ग्राम बगरोदा के शासकीय स्कूल परिसर में सर्वधर्म जन कल्याण समाज सेवा समिति के सदस्यों ने स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रभारी फूलसिंह अहिरवार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा लगाकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने इस अभियान के महत्व पर बताते हुए प्रत्येक देशवासी से अपनी मां के प्रति सम्मान स्वरूप कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की मार्मिक अपील की थी। उनकी इस अपील ने देशवासियों के दिलों को छू लिया और देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच अपनी मां के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में पौधे रोपित करने की होड़ लग गई। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति संरक्षण के लिए पौधों का रोपण करना ही चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। क्योंकि हमने कोरोना काल के समय देखा था देश में ऑक्सीजन की क्या स्थिति बन गई थी। इसलिए हमें आज प्रकृति संरक्षण के लिए इस तरह के प्रयास करने ही होंगे, पौधों का रोपण कर उन्हें संरक्षित करने की जिम्मेदारी हमारी ही है। इस दौरान विकास सिंह रघुवंशी गुलाबचंद , धीरज सिंह रघुवंशी, चंद्रकांता पटेल स्टाफ, आदि मौजूद थे।

# पुरानी रंजिश में ड्राइवर पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित होंडा शोरूम वाली गली शिव नगर करोंद में एक बदमाश ने ड्राइवर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू ड्राइवर के पेट में लगने से उसे गंभीर चोट आई है। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरती रैकवार पति राम उर्फ रामचरण रैकवार ( 25 ) होंडा शोरूम वाली गली, शिव नगर करोंद में रहती है और गृहणी हैं। उनके पति राम उर्फरामचरण रैकवार ( 28 ) ड्राइवरी करते हैं। पति और दीपू उर्फदीपक कुशवाह की पुरानी रंजिश है। रंजिश के कारण दीपू ने सोमवार रात करीब 11 बजे मोहल्ले में पति राम से विवाद शुरू कर दिया। वह पति से गालीगलौज कर रहा था। पति ने गाली देने से मना किया आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू राम के पेट में लगने से उसे गंभीर चोट आईड़थी। वह राम को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां राम का इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरती की शिकायत पर आरोपी दीपक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से वह फरार है उसकी तलाश की जा रही है।

## शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राज संग्रहालय से करोड़ों के पुरातत्व महत्व के सिक्के जेवरात और अन्य सामान चोरी करने वाला शातिर चोर विनोद यादव संग्रहालय के पीछे दीवार कूदने के कारण घायल हुआ पुलिस ने वहीं से उसे गिरफ्तार किया है। – फोटो निर्मल व्यास

## मकान दिखाने के बहाने युवती से दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गांधी नगर पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर उसके परिचित व्यक्ति के खिलाफ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी मकान दिखाने के बहाने युवती को अपने साथ लेकर गया था। पुलिस के मुताबिक पुराने शहर में रहने वाली 23 वर्षीय युवती घरेलू काम करती है। बीती 25 अगस्त को वह काम से अपने रिश्तेदार के घर पहुंची थी। बाद में बैटरी आटो में बैठकर घर लौट रही थी। रास्ते में जुबेर नामक व्यक्ति मिला। उसने युवती को बताया कि गांधी नगर इलाके में सस्ते दामों पर मकान मिल रहे हैं। यहां कम किराए पर भी मकान लिए जा सकते हैं। परिचित होने के कारण युवती उसकी बाइक पर बैठकर मकान देखने चली गई। जुबेर युवती को अपने घर ले गया और दरवाजा बंदकर उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ कर दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## धरना प्रदर्शन




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गोविंदपुरा विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस साकेत नगर के कार्यकर्ताओं ने बरखेड़ा पठानिया पर किसानों पर एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में दिया धरना दिया।

# सिटीबस में घुसकर युवकों ने ड्राइवर को पीटा सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में चलने वाली प्रायवेट बसों के कर्मचारियों की गुंडागर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार दोपहर सिटी बस के ड्रायवर के साथ प्रायवेट बस के दो कर्मचारियों ने जमकर मारपीट कर दी। यह घटना बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। घटना के दौरान बस में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई और वह उतर गए।



जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब पौने दो बजे सीहोर नाका से एक सिटी बस मंडीदीप की तरफ जा रही थी। मिसरोद स्थित ग्यारह मील के पास दो युवक सिटी बस में चढ़े और ड्रायवर विवेक उदवानी के साथ लात-घूंसों से मारपीट करनी शुरू कर दी। यह दोनों युवक प्रायवेट बस के कर्मचारी बताए जाते हैं। बस कंडक्टर और यात्रियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरो ने उन्हें भी धमका दिया। बस में सवार महिला यात्रियों के साथ ही अन्य यात्रियों में दहशत फैल गई। ड्रायवर से मारपीट करने के बाद दोनों युवक मौके से भाग निकले। जाते समय उन्होंने बस का सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया था, लेकिन उसके पहले घटना रिकार्ड हो गई थी। मिसरोद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मारपीट और तोडफोड़ का मामला दर्ज कर लिया है। सवारियों को लेकर होता है विवाद भोपाल से मंडीदीप और औबेदुल्लागंज के बीच चलने वाली प्रायवेट बसों और बीसीएलएल की बसों में सवारियां बिठाने को लेकर अक्सर विवाद होता है। इस रूट पर रोजाना बीस हजार से अधिक लोग बसों में सफर करते हैं। प्रायवेट बस संचालक चाहते हैं कि उनकी बसों से ज्यादा से ज्यादा सवारियां बैठें, इसको लेकर वह सिटी बस के ड्रायवर और कंडक्टर के साथ अक्सर विवाद करते हैं।

## एक्सीडेंट का आरोप लगाकर व्यवसायी से मारपीट

**भोपाल।** टक्कर मारने का आरोप लगाकर लोगों के साथ मारपीट और अड़ीबाजी की घटनाएं बड़ गई हैं। हनुमानगंज इलाके में अज्ञात युवकों ने एक गल्ला व्यवसायी पर एक्सीडेंट का आरोप लगाकर एक हजार रुपये ले लिये और बाद में उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक महेंद्र भूरानी ( 41 ) न्यू सिंधी कालोनी हनुमानगंज में रहते हैं और गल्ला बाजार में दाल-चावल का थोक व्यवसाय करते हैं। रविवार की रात करीब साड़े नौ बजे वह अपने घर से लक्ष्मी टाकीज और अग्रवाल पूड़ी भंडार से होते हुए आजाद मार्केट की तरफ जा रहे थे। रास्ते में एक कपड़े की दुकान के पास रुके, तभी दो युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज करने शुरू कर दी। दोनों युवक गाड़ी में टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए भरपाई के लिए कहने लगे तो महेंद्र ने उन्हें एक हजार रुपये दे दिए। इसी बीच युवक के दो अन्य साथियों ने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। इस घटना से महेंद्र काफी भयभीत हो गए और घर चले गए। अगले दिन उन्होंने इसकी जानकारी किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष को दी और उनके साथ थाने जाकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

## अज्ञात लड़कों ने युवक को पीटा

इधर, कोहेफिजा इलाके में स्कूटर सवार दो अज्ञात लड़कों ने स्कूली छात्र के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक शिवम कुशवाह ( 19 ) खानूगांव में रहता है और बारहवीं कक्षा में पड़ता है। सोमवार सुबह करीब साड़े दस बजे वह अपने दोस्त निखिल यादव के साथ पैदल स्कूल जा रहा था। दोनों होटल इम्पीरियल के पीछे वाले गेट के पास पहुंचे, तभी स्कूटर सवार दो लड़के उनके पास पहुंचे। लड़कों ने स्कूटर खड़ी कर निखिल के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शिवम ने बीच–बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर 49 लाख की ठगी

### साइबर क्राइम ने दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर सायबर जालसाजों ने एक युवक से 49 लाख रुपये से ज्यादा की राशि आनलाइन ट्रांसफर करवा ली। जालसाजों ने जब और रुपये ट्रांसफर करने की बात कही तो फरियादी को ठगी का एहसास हुआ। शिकायत मिलने के बाद सायबर क्राइम ब्रांच ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी साजिद खान विदेश में नौकरी का प्रयास कर रहे थे। इसके लिए जनवरी महीने में उन्होंने अंग्रेजी का टेस्ट भी दिया था। बीते अप्रैल महीने में एक कंपनी ने उनसे संपर्क किया और यूके में नौकरी लगवाने की बात कही। उन्होंने अपना रिज्यूम मेल किया तो एक व्यक्ति ने उनका टेलीफोनिक इंटरव्यू लिया। उसके बाद दिल्ली स्थित ब्रिटिश दूतावास की अधिकारी बताते हुए एक महिला से बात करवाई। महिला ने वीजा प्रक्रिया और वर्क परमिट के नाम पर साजिद से लाखों रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में सीनियर डिप्लोमेट बताकर एक अन्य व्यक्ति ने पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, पासपोर्ट शपथ पत्र, स्वास्थ्य बीमा, यात्रा




बीमा समेत अनेक प्रकार की प्रोसेसिंग फीस के नाम पर कुल 49 लाख 33 हजार रुपए से अधिक की राशि अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करवा ली. ट्रांसफर किए जाने वाले रुपयों की रसीद भी भेजी जाती थी। एक महीने बाद वीजा प्रक्रिया पूरी करने के लिए दूसरी बैंक में खाता खोलने और 26 लाख पचास हजार रुपये और जमा करने की बात कही गई तो साजिद को ठगी का एहसास हुआ. उन्होंने इसकी शिकायत सायबर क्राइम ब्रांच में की, जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया.

# लिवइन पार्टनर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

### खुदकुशी के लिए उकसाने का केस महिला ने फांसी लगाकर की थी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा काकड़ा अलंकार कॉलोनी में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली महिला के लिव इन पार्टनर पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पार्टनर के सहयोगियों को भी आरोपी बनाया गया है। जानकारी के अनुसार खुशी अली उर्फ रुचि बरदिया ( 25 ) सागर की रहने वाली थी। भोपाल आने-जाने के दौरान उसका परिचय बस चालक सुल्तान से हो गया था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई तो सुल्तान ककड़ा अलंकार कालोनी में उसके साथ लिवइन में रहने लगा। दोनों बीते 6 साल से साथ रहे थे। इस बीच सुल्तान ट्रैक्सी चलाने लगा। पिछ्ले कुछ दोनों से दोनों के बीच मनमुटाव होने लगा था। बीती तीस अगस्त को भी उनके बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद सुल्तान अपने काम पर चला गया। उसने फोन लगाया तो खुशी ने फोन रिसीव नहीं किया। काम से सुल्तान घर लौटा तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। लोगों को बुलाकर उसने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर खुशी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी। मृतका के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए सुल्तान और उसके साथियों को जिम्मेदार बताया था। इस आधार पर पुलिस ने सुल्तान और अन्य के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है।


## घर के सामने खड़ी कार के पहिए चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गोविंदपुरा में घर के सामने खड़ी एक क्रेटा कार के 2 पहिए चोरी चले गए। बदमाशों ने पहिये चोरी करने के बाद कार को पत्थर पर टिका दिया था। पुलिस के मुताबिक हेमराज सिंह राजपूत ( 27 ) रचना नगर गोविंदपुरा में रहते हैं और एमपी नगर स्थित एक शापिंग मॉल में नौकरी करते हैं। रविवार की रात करीब साड़े बारह बजे उन्होंने अपनी क्रेटा कार घर के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। सुबह करीब साड़े छह बजे देखा तो कार के दाहिनी तरफ के दोनों पहिये रिम समेत गायब थे और कार पत्थरों पर टिकी हुई थी। चोरी गए पहियों की कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है। सेंध लगाकर दुकान से हजारों का सामान चोरी ईरानी मार्केट हनुमानगंज स्थित एक दुकान में सेंध लगाकर बदमाश हजारों रुपये का कापर वायर चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक फारुख इलाही ( 34 ) चिकलोद रोड जहांगीराबाद में रहते हैं। वह ईरानी मार्केट में मोटर रिपेयरिंग का काम करते हैं। बीती शनिवार की रात करीब आठ बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार को दुकान बंद थी। सोमवार सुबह करीब दस बजे दुकान का शटर उठाकर भीतर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा था। पहली मंजिल पर जाकर देखा तो पीछे की तरफ दीवार में छेद था। अंदर का सामान चैक किया तो 10 बंडल कापर वायर और स्क्रैप का सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## 35 कार्यवाहक निरीक्षकों ने किया डायल-100 कंट्रोल रूम देखा

**भोपाल।** राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में विभिन्न जिलों के 35 कार्यवाहक निरीक्षकों द्वारा भ्रमण किया गया। यह पुलिस अधिकारी पुलिस प्रशिक्षण शाला भौंरी में इंडक्शन कोर्स कर रहे हैं। भ्रमणकर्ता पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ( रेडियो ) विजय कुमार खत्री के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक डायल-100 बीना सिंह के निर्देशन में डायल-112/100 की टीम द्वारा डायल-112/100 सेवा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं उन्हें कॉलटेकर कक्ष एवं डिस्पेचर कक्ष का भ्रमण कराकर प्राप्त सूचना पर होने वाली कार्यवाही से अवगत कराया गया। भ्रमणकर्ता अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक डायल-100 धर्मवीर सिंह द्वारा संबोधित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अत्याधुनिक तकनीकि संसाधनों का उपयोग करके की जा रही उत्कृष्ट पुलिसिंग के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डायल-100 सेवा, देश की प्रथम राज्य स्तरीय एकीकृत पुलिस आपातकालीन सेवा है। डायल-100 सेवा का एकीकरण प्रदेश की अन्य आपातकालीन सेवाओं जैसे फायर, मेडिकल, सायबर एवं महिला सुरक्षा से भी किया गया है। भ्रमण उपरांत भ्रमणकर्ता अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक डायल-100 धर्मवीर सिंह तथा उप पुलिस अधीक्षक ( रेडियो ) शिव कुमार गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए। भ्रमण कार्यक्रम के समय निरीक्षक ( रेडियो ) एम तिर्की एवं अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर** | राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर नहीं लग पा रहा अंकुश

# जेल रोड से 25 लाख की जेसीबी चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। दोपहिया वाहनों के साथ ही बदमाश अब भारी वाहन भी चोरी करने से नहीं चूक रहे। निशातपुरा स्थित जेल रोड पर खड़ी एक जेसीबी मशीन चोरी चली गई। चोरी गई जेसीबी की कीमत 25 लाख रुपए बताई गई है।**

इधर, विभिन्न इलाकों से बदमाश 8 दोपहिया वाहन भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार रईश खान ( 58 ) ग्राम हिनौतिया न्यू अशोक विहार अशोका गार्डन में रहते हैं और ठेकेदारी के साथ ही जेसीबी मशीन चलवाने का काम करते हैं। रविवार की रात करीब आठ बजे उन्होंने अपनी जेसीबी जेल रोड स्थित एलेक्जर ग्रीन कालोनी के पास खड़ी थी। सोमवार की सुबह करीब 9 बजे ड्रायवर आसिफ ने जाकर देखा तो जेसीबी गायब हो चुकी थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी जब जेसीबी का कुछ पता नहीं चला तो रईश खान ने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। विभिन्न स्थानों से 8 दोपहिया वाहन चोरी कोतवाली थानांतर्गत इब्राहिमगंज से संजय कुमार जैन और लक्ष्मी भवन के सामने लखेरापुरा से गोविंद प्रसाद अग्रवाल की स्कूटर चोरी चली गई। बजरिया स्थित अस्सी फीट रोड कन्या स्कूल के पास से देवेंद्र कुशवाह, शाहपुरा स्थित औरा मॉल के सामने



से आदिल इकबाल, टीटी नगर स्थित मस्जिद के सामने से कमलेश परते, गांधी मार्केट पिपलानी से अतुल गुप्ता और मिसरोद स्थित डी मार्ट की पार्किंग से राजेश सेजकर की बाइक चोरी चली गई। गोविंदपुरा में रहने वाली एंजील जेम्स की ई सेक्टर बरखेड़ा स्थित घर के सामने खड़ी स्कूटर चोर चली गई। फारयादिया स्टाफ नर्स का काम करती हैं। रात के समय उनका भाई स्कूटर लेकर पालतू कुत्ते को खाना देने लगा था। करीब दस मिनट बाद वह बाहर निकला तो स्कूटर चोरी हो चुकी थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022